

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-273 सीहोर, रविवार 22 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### महाराष्ट्र में मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा

## सीएम फडणवीस ने अपने पास गृह विभाग रखा, अजित पवार को वित्त विभाग, शिंदे को शहरी विकास



मुम्बई (ए)। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। सीएम फडणवीस के पास गृह विभाग रहेगा। इसके साथ ही सीएम फडणवीस के पास कानून न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग के साथ ही सूचना एवं प्रचार विभाग का भी जिम्मा रहेगा। जबकि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और लोक निर्माण (सार्वजनिक उद्यम) जैसे विभाग सौंपे गए हैं। इसके साथ ही डिप्टी सीएम अजित पवार को वित्त विभाग और योजना विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं चंद्रशेखर बावनकुले को राजस्व विभाग का जिम्मा मिला है।सीएम देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में ऊर्जा (नवीकरणीय ऊर्जा को छोड़कर), कानून और न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन और सूचना एवं प्रचार जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ पावर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अपने पास रखा है। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार वित्त और योजना के अलावा राज्य आबकारी विभाग की भी देखरेख करेंगे। धनंजय मुंडे को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, पंकजा मुंडे को पर्यावरण और पशुपालन विभाग, उदय सामंत को उद्योग विभाग, माणिकराव कोकाटे को कृषि विभाग का जिम्मा दिया गया है। जबकि, जयकुमार गोरे के पास ग्रामीण विकास विभाग का जिम्मा रहेगा। वहीं, गुलाबराव पाटिल को जल आपूर्ति विभाग, अदिति तटकरे को महिला एवं बाल विकास विभाग, संजय शिरसाट को सामाजिक न्याय विभाग सौंपा गया है।चंद्रकांत पाटिल को उच्च और तकनीकी शिक्षा, गणेश नाइक को वन विभाग, दादा भुसे को स्कूल शिक्षा का जिम्मा दिया गया है। वहीं राधाकृष्ण विखे पाटिल को जल संसाधन, हसन मुश्रीफ को चिकित्सा शिक्षा विभाग सौंपा गया है।

### अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट, दो घायल, आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद (आरएनएस)। अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट से दो लोग घायल हो गए। शुरुआती पुलिस जांच में पता चला कि यह विस्फोट पारिवारिक झगड़े का नतीजा है। पार्सल पहुंचाने वाला व्यक्ति और रिसीव करने वाला इस घटना में घायल हुए हैं। आईपीएस नीरज कुमार बडगुजर ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि साबरमती थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिव रो हाउस में सुबह करीब 10.45 बजे पार्सल में धमाका हो गया। गौरव गढ़वी, बलदेव सुखाड़िया के घर पार्सल देने के लिए आए थे। आरोपी गौरव गढ़वी ने जब पार्सल सौंपा तो प्राप्तकर्ता ने धुआं उठते देखा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रतलाम में खेल चेतना मेले के रजत जयंती समारोह में खिलाड़ियों ने जिमनास्टिक का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सलामी दी

## डोंगला वेधशाला के उपकरणों की क्षमताओं को बढाया जायेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को वर्चुअल किया संबोधित




भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान का उद्गम स्थल रहा है। भारत ने विश्व गुरु की भूमिका निभाते हुए हमेशा विश्व को रास्ता भी दिखाया है। हमारी प्राचीन परंपराओं ने विश्व को नई दिशा दिखाई है अणु-परमाणु की व्याख्या, ब्रह्मांड के रहस्य,पेड़-पौधों में जीवन का सिद्धांत, सब हमारे दर्शन से ही लिया गया है। हमारे पंचांग इतने सटीक है कि वह आज भी सूर्य और चंद्र ग्रहण का सटीक समय बताते हैं। भारत आध्यात्म, विज्ञान, खगोल, चिकित्सा जैसे कई क्षेत्रों में विश्व जगत का नेतृत्व करता रहा है। आज भी भारत पूरे विश्व के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव डोंगला वराहमिहिर वेधशाला में आयोजित खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को उज्जैन से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उज्जैन में जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी का अभिवादन किया। एसीएस संजय दुबे ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डोंगला में डीआरडीओ के प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने डोंगला वेधशाला के विकास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहयोग एवं मार्गदर्शन से अवगत कराया। कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन प्रो. अर्पण भारद्वाज ने सभी का आभार माना।

### कन्नौज में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व सपा नेता का होटल जब्त

कन्नौज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद समाजवादी पार्टी नेता नवाब सिंह का होटल पुलिस ने शनिवार को जब्त कर लिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में डुगडुगी बजवाकर होटल को सील कर दिया गया।सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह यादव पर गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई थी।

## एलजी ने दी ईडी को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शराब नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। एलजी ने एक्साइज घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और मई में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में, ईडी ने अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ मनीष सिसोदिया को एक्साइज शुल्क घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। एजेंसी ने कहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने साउथ लॉबी की मदद के लिए एक्साइज ड्यूटी नीति 2021-22 में बदलाव किए, जिसने कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी।

## मध्य प्रदेश के देवास में आग का तांडव, पति-पत्नी और दो बच्चे जिंदा जले




देवास (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के देवास में शनिवार तड़के सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। नयापुरा क्षेत्र में एक मकान में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दिनेश कारपेंटर, उनकी पत्नी गायत्री, बेटी इशिका और बेटा चिराग शामिल है।

जानकारी के अनुसार, घर के नीचे दूध डेयरी में लगी आग ने विकराल रूप लिया और बिल्डिंग की दूसरी मंजिल को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि परिवार के लोगों को बचाया नहीं जा सका। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि यह डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर का घर हैं, नीचे वे दुकान चलाते थे और ऊपर की मंजिल पर परिवार के साथ रहते थे। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। घर को सील कर दिया गया है। इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हम सभी प्रशासनिक टीमों के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों। एसपी ने आगे कहा कि प्राथमिक जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि पहले तल पर कुछ ज्वलनशील सामग्री रखी गई होगी, जिससे आग ज्यादा फैल गई। दूसरी मंजिल पर मौजूद लोगों को समय पर बचाया नहीं जा सका। अभी पूरी घटना की जांच की जा रही है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले से संत समाज उद्वेलित, केंद्र सरकार से की सख्त कदम उठाने की अपील

नई दिल्ली(आरएनएस)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले की जगतगुरु परमहंस आचार्य और संत दिवाकराचार्य महाराज ने निंदा की। उन्होंने अपील की कि भारत सरकार को हिंदुओं पर हो रहे हमले को रोकने की दिशा में यथाशीघ्र कदम उठाना चाहिए। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने अपने बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि कभी भारत का हिस्सा रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, निर्मम हत्या की जा रही है, उनको तड़पा कर मारा जा रहा है, हिंदुओं की दुकानों को लूटा जा रहा है, हिंदुओं के घरों को आग लगाई जा रही है और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। उसे देखते हुए केंद्र सरकार को तुरंत कदम उठाना चाहिए।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

## भारतीय नौसेना ने दो अत्याधुनिक युद्धपोत, 'सूरत' और 'नीलगिरी' बेड़े में शामिल किए

नई दिल्ली (ए)। भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत में और इजाफा करते हुए दो अत्याधुनिक युद्धपोत, 'सूरत' और 'नीलगिरी', अपने बेड़े में शामिल किए हैं। ये दोनों जहाज आधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं और पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का सामना करने में सक्षम हैं। 'सूरत' भारतीय नौसेना की प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रृंखला का चौथा और आखिरी जहाज है। इससे पहले, इसी प्रोजेक्ट के तहत विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल जैसे जहाज नौसेना में शामिल हो चुके हैं। लगभग 7,400 टन वजनी और 164 मीटर लंबाई वाला 'सूरत' सतह से हवा और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और टॉरपीडो जैसे आधुनिक हथियारों से लैस है। यह भारतीय नौसेना का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम युद्धपोत है, जो इसकी परिचालन क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा। परीक्षणों के दौरान 'सूरत' ने 56 किमी/घंटा से अधिक की गति प्राप्त की है।'नीलगिरी' प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जहाज है। यह जहाज पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का समुद्र में मुकाबला करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी गन और रैपिड-फायर हथियार प्रणाली जैसे आधुनिक हथियार शामिल हैं। इस फ्रिगेट को डीजल और गैस दोनों से संचालित किया जा सकता है और यह अत्याधुनिक प्रबंधन प्रणाली से लैस है।



### अटल सम्मान समारोह 2024 : समाज में उत्कृष्टता और योगदान का उत्सव


नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में अटल फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज और देश के लिए विशेष योगदान दिया है। समारोह में 35 लोगों को अलग अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। समारोह में कई प्रमुख मेहमानों की उपस्थिति रही, जिनमें स. नारायण जाटिया, पूर्व राज्यसभा सांसद, डॉ. अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष, एलवीएफ, अविनाश राय खन्ना, सांसद और रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष, डॉ. आचार्य राजेश ओझा श्री महामंडलेश्वर, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जयपुर की संसद मंजू शर्मा, उत्तर प्रदेश शामिल थे। इन प्रमुख व्यक्तियों ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। इस वर्ष अटल गौरव सम्मान 29 श्रेणियों में प्रदान किया गया।

### सहारनपुर में किसानों ने कलेक्ट्रेट के गेट को ट्रैक्टर से तोड़ा, एडीएम को कुचलने का प्रयास

सहारनपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे किसानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में तीखी नोकझोंक हो गई। ज्ञापन देने पहुंचे किसानों के ट्रैक्टर को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अंदर जाने से मना किया तो एक ट्रैक्टर चालक ने एडीएम को कुचलने का प्रयास किया। इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया।इस दौरान किसानों ने प्रशासन पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया। किसानों ने बंद गेट में टक्कर मारकर गेट तोड़ दिया। इसके बाद एडीएम भी किसानों पर भड़क गई।दरअसल जब किसान कलेक्टर के गेट पर पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने का प्रयास किया, इसके बाद किसानों ने बंद कलेक्ट्रेट के गेट को ट्रैक्टर से तोड़ दिया। सामने खड़ी एडीएम को आगे से हटना पड़ा, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। किसानों ने ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ा दी और कलेक्ट्रेट के अंदर घुस गए।

## संविधान से ऊपर नहीं है राहुल गांधी

### लोक निर्माण मंत्री ने राहुल पर किया तीखा हमला



जबलपुर, (ए)। मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि संविधान की प्रति जेब में रखकर चलने का मतलब यह नहीं है कि वे संविधान के मालिक बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा करते हुए लोकसभा परिसर में लोकसभा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी के साथ हुई घटना की निंदा की और कांग्रेस के प्रदर्शन पर टिप्पणी की।राकेश सिंह ने कहा, कांग्रेस कहां सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है और कितने लोग उसमें शामिल हो रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है। भाजपा वह पार्टी है जिसने बाबासाहेब अंबेडकर से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया और उन्हें सम्मान प्रदान किया। कांग्रेस ने तो उन्हें चुनाव में हरवाया, और जवाहर लाल नेहरू ने उनके खिलाफ टिप्पणी की। कभी भी अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। लोक निर्माण मंत्री ने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब डॉ. अंबेडकर की लोकसभा में तस्वीर भी नहीं लगी थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह का उल्लेख करते हुए कहा कि अमित शाह ने हमेशा बाबासाहेब का सम्मान किया और उनके साथ जुड़े स्थानों पर जाकर श्रद्धा अर्पित की। राकेश सिंह ने कहा कि अमित शाह की बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है, जबकि देश की जनता सब जानती है।राहुल गांधी के संविधान की प्रति लेकर चलने और कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए राकेश सिंह ने कहा, संविधान जेब में रखकर घूमने वाले लोग जब संविधान की धज्जियां उड़ाते हैं, तब उनकी आवाज नहीं उठती। वे कह रहे हैं कि जान देंगे, तो किसके लिए जान देंगे? राहुल गांधी ने खुलेआम सदन के बाहर एक बुजुर्ग सांसद को धक्का दिया, जिससे उन्हें चोट आई और उन पर मामला दर्ज हुआ। क्या राहुल गांधी संविधान के ऊपर हैं? संविधान जेब में रखकर घूमना इसका मतलब नहीं है कि आप उसके मालिक बन गए हैं।झ राकेश सिंह ने कहा कि संविधान सभी के लिए समान है और उसी के तहत कार्रवाई की गई। राहुल गांधी की गुंडागर्दी अब नहीं चल सकती। उन्हें यह समझना चाहिए कि संविधान के नाम पर राजनीति करने और संविधान का पालन करने में अंतर है।

### हरियाणा के भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक पांच जलाशयों का होगा विकास

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने राज्यभर में भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम पांच जलाशयों के विकास की महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इस प्रयास का उद्देश्य बारिश के पानी का प्रभावी ढंग से संरक्षण करना और पानी की कमी की बढ़ती संभावना के दृष्टिगत पानी की उपलब्धता की चुनौतियों का समाधान करना है।श्रुति चौधरी ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान जलाशयों के विकास हेतु प्रशासनिक सचिवों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन जलाशयों के निर्माण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक हेक्टेयर पंचायत भूमि की पहचान करने हेतु समन्वय स्थापित करना है।







# खेल क्षेत्र में रतलाम बना रहा है विशिष्ट पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**-आजादी के बाद प्रदेश में पहली बार खेल बजट में हुआ 586 करोड़ रुपये का प्रावधान**
**-रतलाम में साड़ी क्लस्टर और हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ का होगा निर्माण**
**-मुख्यमंत्री ने रतलाम में खेल चेतना मेले के रजत जयंती समारोह का किया शुभारंभ**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी के बाद पहली बार हमने प्रदेश में खेलों के लिए 586 करोड़ रूपये के बड़े बजट का प्रावधान किया है। मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ हॉकी के लिए सर्वाधिक एस्ट्रोटर्फ होंगे। खेलों को अब पाठ्यक्रम का भी हिस्सा बनाया गया है। खेल शिक्षक भी असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर और कुलगुरु बन सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रतलाम में चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित किये जा रहे खेल चेतना मेले के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ध्वजारोहण कर खेल चेतना मेले के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभू लाल चंद्रवंशी, विधायक आलोट चिंतामणि मालवीय, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरा लाल डामोर, महापौर प्रहलाद पटेल, प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ निर्माण, व्यवसाय को गति देने के लिए साड़ी क्लस्टर निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि साड़ी क्लस्टर में महेश्वर, चंदेरी की तर्ज पर शहर में महिलाओं को साड़ी निर्माण से जोड़ा जाये। रतलाम के शासकीय लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के हृदय संबंधी उपचार एवं ऑपरेशंस के लिए कार्डियक ब्रांच स्थापित करने की भी घोषणा की। रतलाम में खेलों के लिए अधोसंरचना विकास एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन द्वारा रतलाम में 15 करोड़ रुपए की लागत से एकीकृत स्पोर्ट्स कांपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें जूडो, कराटे, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी इत्यादि इनडोर खेल गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। साथ 400 मीटर दौड़ के लिए सिंथेटिक ट्रैक भी बन रहा है। साथ ही 1200 लोगों की क्षमता के पवेलियन तथा जिम का निर्माण भी किया जा रहा है। जिले के आलोट में खेलों के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। पिपलोदा-रावटी में भी भूमि आवंटित की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का ऐसा पहला राज्य होगा जहां हॉकी के लिए सर्वाधिक 12 एस्ट्रो टर्फ की सुविधा होगी। रतलाम में खेल गतिविधियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेव, सोना और साड़ी के लिए प्रसिद्ध रतलाम अब खेलों में भी अपनी विशेष पहचान स्थापित कर रहा है। इसमें चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा विगत 25 वर्षों से आयोजित किया जा रहे खेल चेतना मेले का विशेष योगदान है। इस आयोजन से रतलाम की खेल प्रतिभाएं देश, प्रदेश में अपना नाम रोशन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खेलों के विकास के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। भोपाल में हुये खेलो इंडिया आयोजन में प्रदेश ने अपनी विशेष छाप छोड़ी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आईटी पार्क उज्जैन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

## युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

भोपाल,(आरएनएस)। बजरिया इलाके में स्थित सेमरा कला में रहने वाले युवक को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह साढ़े सात बजे की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शेखर लोधी पुत्र संजू लोधी (19) सेमरा कला का निवासी था। वह एक प्राइवेट कॉलेज से बीएससी फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा था और मंडीदीप की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। हर रोज की तरह, वह नौकरी पर जाने के लिए निकला था। घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर उसकी बाइक को कार नंबर एमपी 09 सीए 2588 ने टक्कर मार दी।हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मोहल्ले के युवकों ने घायल शेखर को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शेखर परिवार का बड़ा बेटा था। उसका छोटा भाई शिवम एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करता है। हादसे की सूचना मिलते ही शिवम अस्पताल पहुंचा, जहां उसे भाई की मौत की खबर दी गई। शेखर के पिता ऑटो चालक हैं।

## विधायक सबनानी ने वार्ड 31 में सीसी रोड निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

भोपाल, (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी ने वार्ड 31 के अर्जुन नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए शनिवार को भूमि पूजन किया।इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि क्षेत्र की सुविधाओं का विस्तार हो इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना है, क्षेत्र में कोई विकास कार्य होता है तो आप सभी का कर्तव्य बनता है कि उसकी गुणवत्ता का ध्यान आप लोगों द्वारा रखा जाए और किसी भी प्रकार की कोई शिकायत या लापरवाही हो तो उससे अपने जनप्रतिनिधि को अवगत कराएं, सुविधाओं के विस्तार के साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखना अति आवश्यक है, आप सभी ने ही मुझे विधायक बनाया है, इसलिए क्षेत्र की प्रगति के लिए में हर संभव प्रयास करूंगा और अपने क्षेत्र में छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए प्रयत्नशील रहूंगा।क्षेत्र की पार्षद और जोन अध्यक्ष ब्रजुला सचान ने कि हम सब का सौभाग्य है कि हमें सबनानी जी जैसा विधायक मिला है, जिनका सहयोग हमें निरंतर मिलता रहता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल, चंद्रशेखर तिवारी, सत्यनारायण शर्मा,प्रमोद पोलघनटलवाल,सुनीता पनोरे, वेदमणि शर्मा, विनोद गुप्ता, विकास गौतम, किरण तिवारी, विमलेश यादव,करिश्मा शर्मा, बब्ली जैन, शिखा अरसे,मनीषा कुशवाहा, विशाल सपकाले, संदीप माथुर,जितेंद्र मालवीय सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विधायक सबनानी ने वार्ड 29 में विकास कार्यों के लिए किया भूमि पूजन

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने महापौर मालती राय के साथ दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नेहरू नगर में विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन किया। सबनानी ने अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य बनता है कि क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए जितना संभव हो उन्हें अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिला सकूं,और जनता की सुविधाओं का विस्तार हो सके इसके लिए हर संभव प्रयास कर सकू, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भी जनता की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त धन देकर उनकी सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं, हमारे मुख्यमंत्री विकास कार्यों के लिए अति गंभीर हैं, और प्रदेश के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं हमें विकास की गति को निरंतर आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को सुंदर और सुविधाजनक विधानसभा बनाना है।इस अवसर पर राजेंद्र राठौर, आशुतोष तिवारी लक्ष्मी गोरेवर, सत्येंद्र नेगी कुंजी लाल यादव, राजेश महावर, पंकज त्रिपाठी, नंदू तेलकर, संतोष ब्रह्मभट्ट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पीर गेट पर रजाई-गद्दों के गोदाम में लगी आग

भोपाल, (आरएनएस)। पीर गेट स्थित एक रजाई-गद्दों के गोदाम में शनिवार को आग लग गई। आग की लपटें उठने से इलाके में दहशत फैल गई। लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। ताकि, वह ज्यादा न फैले। इधर, दमकल को सूचना दी गई। बावजूद 1 घंटे में आग बुझाई जा सकी।आगजनी की घटना शनिवार दोपहर की है। पीर गेट पर कफ्यू वाली माता मंदिर के पास मोहम्मद फरीद उर्फ गुड्डू की रजाई-गद्दों की दुकान है। वहीं, पास की बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर पर गोदाम है। यहां पर रुई और रजाई-गद्दे रखे थे। मोहम्मद फरीद ने बताया, शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। गोदाम में सीधे पोल से बिजली की लाइन पहुंची है। जब आग लगी, तब वॉल्टेज कम-ज्यादा हो रहा था। इसके चलते ही आग लग गई। समय रहते आग बुझा ली गई। फिर भी हजारों रुपए के रजाई-गद्दे जल गए और रुई भींगकर खराब हो गई।जिस गोदाम में आग लगी, वहां काम करके कुछ देर पहले ही दो कर्मचारी निकले थे। ऐसे में वे आग की चपेट में आने से बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवाड़ी और टीकमगढ़ में जन कल्याण पर्व में होंगे शामिल

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में जनकल्याण पर्व में शामिल होंगे। इन जिलों में केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत किसान सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि-पूजन और परियोजना से होने वाले लाभ को साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दोनों जिलों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया जायेगा।

## राष्ट्रीय बाल रंग के आयोजन से मध्यप्रदेश देशभर में होता है गौरवान्वित

### 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित हुए नृत्य



भोपाल (निप्र)। राष्ट्रीय बाल रंग के दूसरे दिन 21 दिसम्बर को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स में 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां देशभर के बच्चों ने दी। इन प्रस्तुतियों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिली। बाल रंग में विभिन्न राज्यों के 10 हजार बच्चें अनेक रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं।

**लोक नृत्य बच्चों को एक-दूसरे से जुड़ने का बेहतर माध्यम**

बाल रंग के दूसरे दिन सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। बाल रंग में शामिल बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे बच्चों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। बच्चों को संग्रहालय का भ्रमण भी करवाया जाये। सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. गोयल ने इस मौके पर प्रकाशित बाल पत्रिका का विमोचन भी किया।

**लोक नृत्य की प्रस्तुतियां**

कार्यक्रम की शुरूआत में पंजाब के बच्चों ने लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्य की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में पंजाब की विरासत का बखान था। मध्यप्रदेश के बच्चों ने महाकौशल अंचल के लांगुरिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें ईश्वर की आराधना आस्था के साथ किस तरह से होती है। उसको आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम में मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे और विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

**विकसित भारत प्रदर्शनी**

बाल रंग में लगाई गई प्रदर्शनी में राजस्थान के स्टॉल में हवा महल, जन्तर-मन्तर, राज्य के परंपरागत वेश-भूषा और वर्ष 2047 में विकसित राजस्थान की कल्पना को मॉडल के जरिये दर्शाया गया। गोवा राज्य के स्टॉल में वहां की संस्कृति, त्यौहार, मछली पालन व्यवसाय और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास को दर्शाया गया था। इन स्टॉलों में भोपाल के स्कूलों के बच्चों ने मेहनत से मॉडल तैयार किये है। बाल रंग में बच्चों को देश और दुनिया में विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति से प्रदर्शनी के माध्यम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने अपने राज्यों की पट्टिका को लेकर मार्च पास्ट भी किया। बाल रंग के अंतिम दिन 22 दिसम्बर रविवार को प्रात: 10 बजे से गतिविधियों शुरू होंगी और बच्चों को पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम स्थल में बच्चों का प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसम्बर) पर मेपकास्ट द्वारा प्रदेश के 128 संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन

### -राष्ट्रीय गणित दिवस पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के कार्यों का किया जायेगा स्मरण

भोपाल (निप्र)। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को सम्मानित करने और उनके योगदान के बारे में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 2012 में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया है तब से सारे देश में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में म. प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मेपकास्ट) द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन मध्यप्रदेश में किया जायेगा। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 29 जिलों में किये जाने हेतु मेपकास्ट द्वारा 128 संस्थानों संस्थाओं का चयन किया गया है। यह आयोजन प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थाओं में किया जायेगा।

यह कार्यक्रम होंगे : गणित से सम्बंधित रंगोली, पेंटिंग, क्विज, गणितीय अरोगामी, विशेषज्ञों द्वारा उद्बोधन एवं गणित में करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन, भारतीय गणितज्ञों का योगदान, श्रीनिवास रामानुजन पर वृत्तचित्र, गणित पहेलियाँ, अल्गोरिथम सलूशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और गेम-आधारित लर्निंग इत्यादि गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। इस अवसर पर मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ अनिल कोठारी ने कहा कि परिषद् प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है। डी एस टी भारत सरकार की यह अभिनव योजना के माध्यम से प्रदेश के विद्यार्थियों को फायदा होगा। परिषद् गणित में शोध एवं विद्यालयीन छात्रों के लिए स्वयं करके देखो, क्रिएटिव लर्निंग के माध्यम से इसे रूचिकर बनाने और इसमें भविष्य बनाने हेतु प्रयासरत है। परिषद् द्वारा इस क्षेत्र में शोध अनुदान, ए आर, वी आर,उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा, ताकि गणित के शोध का व्यावसायिक अनुप्रयोग हो सके इससे गणित के क्षेत्रों जैसे डेटा विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और वित्तीय गणित में नवाचार को बढावा, गणितिक साहित्य और शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन में सहयोग जैसी गतिविधियों पर ज्यादा केन्द्रित होकर कार्य किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अग्नि दुर्घटना पर दु:ख व्यक्त किया


भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास के नयापुरा क्षेत्र में हुई अग्नि दुर्घटना में एक परिवार के 4 सदस्यों की असामयिक मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्घटना पीड़ादायक है। राज्य सरकार द्वारा प्रभावित परिवार को प्रति व्यक्ति चार-चार लाख रुपए के मान से 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। परिवार के बुजुर्ग त्रिलोक चंद्र को सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवार को गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## संभावना गतिविधि में 22 दिसम्बर को होगी नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति

भोपाल (ए)। जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 22 दिसंबर को प्रहलाद कुर्मी एवं साथी (सागर) द्वारा राई नृत्य, सुश्री केवल कुमार एवं साथी, (अनूपपुर) द्वारा गोण्ड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य एवं नागेंद्रनाथ पाण्डेय एवं साथी (आरा, बिहार) द्वारा भोजपुरी गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि जनजातीय संग्रहालय में हर रविवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परम्पराओं की प्रस्तुति दी जाती है। साथ ही देश के अन्य राज्यों के बहुविध कलारूपों के प्रदर्शन को देखने और समझने का अवसर भी दर्शकों को प्राप्त होता है।

## गुजरात के शेरों से गूंजेगा भोपाल का वन-विहार

**वन विहार में अब 2 नर एवं 3 मादा लॉयन**



भोपाल (आरएनएस)। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 21 दिसंबर को सक्करबाग जू-जूनागढ़, गुजरात से लॉयन का जोड़ा (नर एवं मादा) लगभग 1000 किलोमीटर की यात्रा तय कर सकुशल पहुँचा है। नर लॉयन एव मादा लॉयन दोनों की उम्र लगभग 3 वर्ष है। वन विहार में दोनों लॉयन की देखभाल एवं परीक्षण के लिए क्वारेन्टाईन में रखा गया है। वर्तमान में सत्या. गंगा एवं नदी सहित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 2 नर एवं 3 मादा लॉयन हो गये हैं। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को यह सौगात शासन एवं विभाग स्तर पर विशेष प्रयासों से प्राप्त हुई है। लॉयन जोड़े के बदले वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल से नर बाघ (बाँधवगढ़-2) एवं मादा बाघ (बँधनी) को दिया गया है। दोनों की उम्र लगभग 06 वर्ष है।उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से प्राप्त अनुमति अनुसार आदान-प्रदान योजना अंतर्गत 17 दिसम्बर 2024 को 9 सदस्यीय दल वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल से नर बाघ एवं मादा बाघ को लेकर सक्करबाग जू-जूनागढ, गुजरात के लिए रवाना हुआ एवं 21 दिसम्बर 2024 को सक्करबाग जू-जूनागढ़, भोपाल से लॉयन जोड़े को लेकर वन विहार आया। नौ सदस्यीय दल में वन विहार के इकाई प्रभारी पर्यटन एव सहायक वन्य प्राणी चिकित्सक भी शामिल है।

## थाना प्रभारी के घर चोरी करने वाला यूपी से गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)। हबीबगंज इलाके में रहने वाले क्राइम ब्रांच के थाना प्रभारी अशोक मरावी के घर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को बांदा (यूपी) से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बांदा में हत्या-चोरी सहित 6 केस दर्ज हैं। वारंट में फरार चल रहा था, फरारी के दौरान चोरी के इरादे से पहले इंदौर आया। दो दिन वहां रहा, नाकाम होने के बाद भोपाल आया। यहां दो दिन अलग-अलग रैन बसेरे और लॉज में रहने के साथ ही रैकी करता रहा। थाना प्रभारी मरावी का घर उसे सुनसान दिखा। जहां उसने डेढ़ लाख रुपए कैश और एक लाख की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने चोरी गया पूरा माल रिकवर कर लिया है। अन्य वारदातों के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। हबीबगंज थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी ने बताया आरोपी का नाम राजेश वाजपाई (52) है। वह बांदा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश में कई अपराध दर्ज हैं। राजेश को जमीन विवाद के बाद रिश्तेदार की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है।

## अवैध ट्रांसफार्मर स्थापित कर कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### कार्य में लापरवाही के चलते 2 आउटसोर्स कर्मचारी बर्खास्त

भोपाल (ए)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत रायसेन वृत्त के वितरण केंद्र बरेली ग्रामीण में 2 अवैध ट्रांसफार्मर रखकर कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्य में लापरवाही के चलते 2 आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। रायसेन जिले के बरेली वितरण केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि अवैध ट्रांसफार्मर स्थापित होने की जानकारी मिलने पर मौके पर जांच की गई। सतर्कता एवं वितरण केंद्र की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से स्थापित 25 केवीए के 2 ट्रांसफार्मर्स को जब्त किया गया। साथ ही पुलिस थाना बरेली में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। टीम ने अवैध कनेक्शन को पंचनामा बनाकर डिसकनेक्ट कर दिया। कार्य में लापरवाही के चलते वितरण केंद्र के 2 आउटसोर्स कर्मचारी सोवरन राजपूत एवं तीरथ राजपूत को सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

## समयपालन और सुरक्षा पर भारतीय रेलवे का फोकस: अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग पर लगेगा अंकुश





भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समयपालन प्राथमिकता देने के साथ अपने गंतव्य तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का निरंतर प्रयास करती है। लेकिन कुछ यात्रियों द्वारा बिना किसी उचित कारण से यात्री गाड़ियों में अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) करने से न केवल प्रभावित गाड़ी बल्कि उसके पीछे आने वाली अन्य यात्री और मालगाड़ियां भी विलंबित होती हैं। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है और रेलवे को हर एसीपी घटना पर औसतन 52,000 का वित्तीय नुकसान होता है।

भारतीय रेलवे अब इस गंभीर समस्या पर कड़ा रुख अपनाने जा रही है। वर्तमान में अर्थदंड के साथ-साथ रेलवे को हुए नुकसान की वसूली की योजना तैयार की जा रही है। यह जल्द ही लागू होगा। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया कि अनाधिकृत चेन पुलिंग के मामलों में आरोपियों से नुकसान की वसूली के लिए न्यायालय में याचिकाएं दायर की जा रही हैं।

**भोपाल मंडल में सख्ती का असर**

पिछले तीन महीनों में भोपाल मंडल में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 1262 आरोपियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत मामले दर्ज किए। इन मामलों में न्यायालय के आदेश पर कुल 2,90,775 का अर्थदंड वसूल किया गया।

**यात्रियों को जागरूक करने की मुहिम**

भारतीय रेलवे द्वारा अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग रोकने के लिए स्टेशनों पर लगातार घोषणाएं की जा रही हैं। पंपलेट लगाए जाते हैं और जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि बिना उचित कारण चेन पुलिंग से बचें, ताकि गाड़ियां समय पर चलें और यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया, भारतीय रेलवे यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और समयपालन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। अलार्म चेन पुलिंग जैसे अनुचित कार्यों से रेलवे को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। हम यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं कि वे जिम्मेदारी से यात्रा करें और रेलवे की संपत्ति का दुरुपयोग न करें। भारतीय रेलवे की यह पहल यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचाने और रेलवे संचालन को और अधिक कुशल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# BJP ने जलाया राहुल गांधी का पुतला, कांग्रेस के टेंट को उखाड़ने की कोशिश, पुलिस करती रही रोकने का प्रयास





दमोह (ए.)। दमोह में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा अस्पताल चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला जलाया। जबकि यह प्रतिबंधित क्षेत्र है। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हुई, तभी कार्यकर्ता उग्र हो गए और कुछ ही दूरी पर चल रहे कांग्रेस के धरना स्थल पर लगे पंडाल को भी उखाड़ने का प्रयास किया। इस दौरान काफी गहमा गहमी का माहौल रहा।

बता दें कि डॉ. आंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान को लेकर बवाल लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस विरोध कर रही है तो अब भाजपा भी सड़कों पर उतरकर राहुल गांधी को घेरने में जुट गई है। शनिवार दोपहर शहर के अस्पताल चौराहे के पास कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा था। किसी भी तरह के विवाद की स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन इसके बाद भी भाजपाइयों ने काफी हंगामा किया। राहुल गांधी का पुतला जलाया और कांग्रेसियों के टेंट को भी उखाड़ने का प्रयास किया। पुलिस रोकने का प्रयास करती रही, लेकिन भाजपाई लगातार अपनी उग्रता दिखाते रहे।

अस्पताल चौराहे से करीब 100 मीटर दूर रामकुमार स्कूल के पास कांग्रेस ने अपना टेंट लगाया था जहां धरना प्रदर्शन किया जाना था। वहां से करीब 50 मीटर आगे भाजपा कार्यालय है, जहां भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित थे। जिला अध्यक्ष प्रीतम लोधी के साथ भाजपाई अस्पताल चौराहा पहुंचे और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसी दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल चौराहे पर ही राहुल गांधी का पुतला फूंक दिया, जबकि अस्पताल चौराहा प्रतिबंधित क्षेत्र है।

## महिला की सजगता से बची एटीएम लूट, सनमाइका की पट्टी के जुगाड़ से निकाल रहे थे पैसे, पुलिस ने पकड़ा

सागर (ए.)। सागर में कोतवाली पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए हरियाणा के दो बदमाशों को एटीएम से ठगी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। भैंसा निवासी दीक्षा खंगार की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाशों में राजकुमार उर्फ राजा (हिसार) और अभिषेक (कैथल) शामिल हैं। उनके पास से एक हजार रुपये नकद, सनमाइका पट्टी, एटीएम के पुराने पार्ट्स, पेचकस और एक आई टेन कार बरामद हुई। आरोपियों से पूछताछ जारी है और ठगी के अन्य मामलों के खुलासे की उम्मीद है। कोतवाली थाना प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि एटीएम से रुपये निकालने गई भैंसा निवासी दीक्षा खंगार ने सूचना दी थी कि दो व्यक्ति एटीएम के अंदर आए और मशीन से छेड़छाड़ करने लगे। एटीएम में सनमाइका की पट्टी लगाकर पैसे निकाल लिए हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। सीसीटीवी चेक किए गए। बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

## हाय रे दगाबाज पतिः पत्नी को टीबी हुई तो छोड़ा साथ...बोला- तू चली जा, नहीं तो तेरी बीमारी मुझे लग जाएगी



शहडोल (ए.)। एक महिला को टीबी होने पर उसके पति ने उसका साथ छोड़ दिया और तीन साल के बच्चे को लेकर पत्नी से अलग रहने लगा। उसके बाद महिला अपने मां के पास मायके चली गई और अपने मां के पास रहकर अपना इलाज शुरू करवाया। जिला अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर उसके लिए फरिश्ता बनकर सामने आए और अपनी देखरेख में महिला का इलाज कर उसे 75 दिन में स्वस्थ कर दिए। डॉक्टर ने अपने पैसों से महिला को प्रोटीन पाउडर तक उपलब्ध करवाया। इस कार्य के लिए डॉक्टर की प्रशंसा पूरे अस्पताल में की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जैतपुर क्षेत्र के दूरांचल ग्राम बेलिया निवासी 30 साल की महिला प्रेमवती गोंड़ उस समय पारिवारिक तिरस्कार का शिकार हुई, जब लोगों को उसकी टीबी की बीमारी के बारे में पता चला। बीमार तो रहती थी, लेकिन बीते जून-जुलाई को पता चला कि उसे टीबी है। इसके बाद पति रावेंद्र सिंह ने उसका साथ छोड़ दिया और तीन साल के बच्चे को लेकर पत्नी से अलग रहने लगा। पति महिला को कहता था कि तू यहां से चली जा, नहीं तो तेरी यह बीमारी मुझे और मेरे बेटे को लग जाएगी। इसके बाद परेशान महिला अपने मां के पास मायके चली गई।

**महिला ने क्या बताया**

महिला ने बताया कि वह पति से अलग होने के बाद पूरी तरह अंदर से टूट चुकी थी। लेकिन जिला अस्पताल के डॉक्टर भगवान बनकर उसके सामने आए और उसे 75 दिन के इलाज के बाद स्वस्थ कर दिया है। बताया गया कि महिला पहले उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां समुचित सुविधा न मिलने के बाद प्रेमवती जिला चिकित्सालय पहुंची। जहां सांस लेने में तकलीफ होने पर मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह सेंगर ने उसे पहले आईसीयू में भर्ती कराया। एक्सरे के बाद टीबी पाए जाने पर आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। वार्ड में ऑक्सीजन सुविधा न होने पर उन्होंने कॉन्स्ट्रेट मुहैया कराया। ढाई महीने तक विधिवत उपचार किया। जरूरत पड़ने पर अपने पैसों से प्रोटीन पाउडर आदि की व्यवस्था भी करवाई।

## देवास के नयापुरा में मकान में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

देवास (ए.)। मध्य प्रदेश के देवास के नयापुरा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। हादसे का कारण और विस्तृत जानकारी की जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार देवास शहर के नयापुरा क्षेत्र में मदन सोलंकी का मकान है। शुक्रवार देर रात सोलंकी के मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही नगर निगम दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। हादसे में मरने वाले में दिनेश कारपेंटर 35 वर्ष, गायत्री कारपेंटर 30 वर्ष, इशिका 10 वर्ष, चिराग 7 वर्ष बताए गए हैं।

बताया जा रहा है कि दिनेश खुद की डेयरी चलाते थे। जिसका सेटअप उन्होंने मकान के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर बनाया हुआ था। ऊपर वो अपने परिवार के साथ रहते थे। हादसे के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। कुछ लोगों को कहना है कि आग ग्राउंड फ्लोर पर बनी डेयरी में लगी और धीरे-धीरे इतना विराल रूप ले लिया।

# कोचिंग में साथ पढ़ने वाली छात्रा के साथ में होटल में दुष्कर्म, आरोपी ने अश्लील फोटो-वीडियो किया वायरल




ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर जिले में कोचिंग में साथ पढ़ने वाली छात्रा के साथ युवक ने बातचीत के बहाने होटल बनाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। छात्रा की अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। इसके बाद भी दुष्कर्म करने वाले का मन नहीं भरा और आरोपी पीड़ित छात्रा को लगातार ब्लैकमेल भी करता रहा। यह पूरा मामला ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र का है।

बता दें कि छात्रा को होटल में मिलने के बुलाने के बाद में उसने अपनी हैवानियत का खेल खेला, जब छात्रा के द्वारा इसका विरोध किया गया। तब आरोपी के द्वारा पीड़िता के साथ मारपीट की गई और उसके फोटो और वीडियो भी वायरल कर दिए। घटना के बाद पीड़ित छात्रा ने खाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के द्वारा दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ग्वालियर के चार शहर का नाका में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा जो कि 11वीं की छात्रा थी। वह स्कूल के साथ ही कोचिंग भी जाए पढ़ने के लिए जाया करती थी। वहीं, उसकी कोचिंग में मुरैना का रहने वाला विवेक सिकरवार भी पढ़ने आता था। क्योंकि दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते थे तो दोनों में अच्छी बातचीत होने लगी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी के द्वारा छात्रा को बातचीत करने के लिए एक होटल में बुलाया और रूम में ले जाकर उसके साथ गलत हरकत करने लगा। जब छात्रा के द्वारा इसका विरोध किया गया, तब आरोपी के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई और उसके साथ दुष्कर्म भी किया। इतना ही नहीं आरोपी के द्वारा उसकी फोटो और वीडियो भी बना लिए गए और छात्रा को मुंह बंद रखने के लिए बोला गया। युवक के द्वारा धमकी दी गई कि यदि अपना मुंह खुला तो जान से मार दूंगा और यह फोटो और वीडियो वायरल कर बदनाम भी कर दूंगा।

इसके बाद से ही आरोपी उस पर लगातार दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। इतना ही नहीं उसने छात्रा को परेशान करने का नया तरीका निकाला। वह छात्रा के मोबाइल पर अश्लील चैट व अश्लील वीडियो भी भेजा करता था। डरी सहमी छात्रा जब भी अपनी कोचिंग के लिए जाती, आरोपी उसे रास्ते में रोककर परेशान किया करता था और जब छात्रा के द्वारा उसका विरोध किया गया, तब आरोपी के द्वारा बीच रास्ते में छात्रा की पिटाई कर दी। इस बात की शिकायत छात्र ने थाने में दर्ज कराई है।

## दूल्हा देवघाटी के पास पलटा मक्के से भरा ट्रक, ड्राइवर की मौत

छिंदवाड़ा (ए.)। छिंदवाड़ा की दुल्हादेव घाटी में शनिवार सुबह मक्के से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिचालक ट्रक के केबिन में फंस गया था। पुलिस ने उसे स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

हर्रई थाना प्रभारी उमेश मार्को ने बताया कि शनिवार सुबह 5.30 बजे ट्रक (UP-93 BT-4621) के ब्रेक फेल होने से दूल्हा देवघाटी पर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में हमीरपुर यूपी निवासी ड्राइवर राघवेंद्र यादव (22) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, परिचालक हर्ष ट्रक के केबिन में फंस गया।

# महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र में दुखद हादसा, आलू कटर मशीन में फंसा दुपट्टा, चली गई महिला की जान



उज्जैन (ए.)। श्री महाकालेश्वर मंदिर के निशुल्क अन्नक्षेत्र में शनिवार सुबह आलू काटने की मशीन में दुपट्टा फंसने से आउटसोर्स कंपनी की कर्मचारी रजनी खत्री (30) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के लिए अवंती हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रजनी खत्री केशव नगर की निवासी थीं और उनके 12 साल का बेटा है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग और अन्य अधिकारी जिला चिकित्सालय पहुंचे। मामले की निष्पक्ष जांच और मृतक परिवार को सहायता का आश्वासन दिया गया है।

जानकारी के अनुसार विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से संचालित श्री महाकालेश्वर निशुल्क अन्नक्षेत्र में शनिवार सुबह कार्य के दौरान आउटसोर्स कंपनी के.एस. एस. कर्मचारी रजनी खत्री आयु 30 वर्ष काम कर रही थीं। तभी अचानक अन्नक्षेत्र की आलू काटने की मशीन में उनका दुपट्टा फंस गया। हादसे में वो गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको तुरंत अवंती हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई।

मामले में जानकारी देते हुए एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग ने बताया कि रजनी खत्री अन्न क्षेत्र में भोजन बनाने व वितरण का काम करती थी। आज सुबह लगभग 7:30 बजे यह घटना घटित हुई, जिसमें उनकी मौत हो गई है। महिला केशव नगर में निवासी थी। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जो भी सहायता शासन के माध्यम से हो सकेगी वह हम मृतक के परिवार को प्रदान करेंगे। इस पूरी घटनाक्रम की जानकारी लगते ही महाकालेश्वर मंदिर के जिम्मेदार अधिकारी के साथ एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, तहसीलदार रुपाली जैन और सीएसपी ओ पी मिश्रा तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचे गए थे।

**आर्थिक आर्थिक सहायता प्रदान करेगी महाकालेश्वर मंदिर समिति**

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर के अन्य क्षेत्र में घटित हुई यह घटना काफी दुखद है। रजनी खत्री के परिवार को मंदिर प्रबन्ध समिति द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी गिरावट रही

## - सेंसेक्स 1,176 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद
## - निफ्टी 364 अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद



मुंबई (ए.)। घरेलू इक्विटी बाजारों में लगातार चार सप्ताह की तेजी के बाद पहली बार साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई है। फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती की संभावना जताने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। दोनों सूचकांक पिछले 5 कारोबारी सत्र में नुकसान में रहे, जो निफ्टी का 18 नवंबर, 2024 के बाद और सेंसेक्स का 26 अक्टूबर, 2023 के बाद गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला रहा। इस हफ्ते सेंसेक्स 5 फीसदी और निफ्टी 4.7 फीसदी नुकसान में रहे, जो 17 जून, 2022 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। बीते सप्ताह पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 215.59 अंक की गिरावट के साथ 81,917.53 अंक पर खुला और 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 49.45 अंक फिसलकर 24,718.85 अंक पर खुला और 100.05 अंक की गिरावट के साथ 24,668.25 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेड के ब्याज दर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 617.83 अंक गिरकर 81,130.74 अंक पर खुला और 1,064.12 अंक टूटकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 199.75 अंक गिरकर 24,468.50 अंक पर खुला और 332.25 अंक गिरकर 24,336 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 428.09 अंक गिरकर 80,268.36 पर खुला और 502.25 अंक टूटकर 80,182.20 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 104.35 अंकों की गिरावट के साथ 24,231.65 के स्तर पर खुला और 137.16 अंक फिसलकर 24,198.85 पर बंद हुआ। अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती के अमेरिकी फेड के अनुमान और लगातार चौथे दिन बिकवाली हावी रहने की वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को खुलते ही धड़ाम हो गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 1,162.12 अंक की गिरावट के साथ 79,020.08 अंक पर खुला और 964.15 अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर बंद हुआ।

## 'आर्थिक मंदी पर तत्काल नीतिगत ध्यान देने की जरूरत', बोले आरबीआई के एमपीसी सदस्य नागेश कुमार



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीस ) के सदस्य नागेश कुमार के अनुसार देश में चल रही आर्थिक मंदी इस हद तक गंभीर हो गई है, जिसपर तत्काल नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है। दिसंबर एमपीसी बैठक के दौरान रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की वकालत करते हुए , कुमार ने घटती वृद्धि और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं की दोहरी चुनौतियों को दूर करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

भारतीय रिजर्व बैंक ( RBI) की ओर से जारी बैठक के मिनटों के अनुसार, इसके सदस्य नागेश कुमार ने जोर देकर कहा कि अक्तूबर 2024 की एमपीसी बैठक के बाद से आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। कुमार ने भारत की आर्थिक वृद्धि में भारी गिरावट की ओर इशारा किया। 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर उसी वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत और 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की तुलना में घटकर 5.4 प्रतिशत हो गई है।

कुमार ने कहा कि यह गिरावट अपेक्षा से अधिक तेज है और इसने वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि पूर्वानुमानों में व्यापक कटौती करवा दी है।कुमार ने तर्क दिया कि 25 आधार अंकों की दर में कटौती मुद्रास्फीति को बढ़ाए बिना आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि कीमतों में मौसमी सुधार के साथ मुद्रास्फीति के दबाव कम हो सकते हैं, जिससे सहायक नीति उपायों के लिए जगह बन सकती है।

## गूगल ने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की

नई दिल्ली (ए.)। सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल में 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संगठनात्मक पुनर्गठन कर कंपनी की परिचालन दक्षता को बढ़ाना है। यह पहली बार नहीं है जब गूगल ने ऐसा कदम उठाया है। इस बार कंपनी ये छंटनी मैनेजमेंट रोल से कर रही है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्रोडक्टिविटी बढ़ाना है। पहले गूगल ने 6 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी। इन परिवर्तनों के साथ तकनीकी दिग्गज उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश के तरीके और संचालन को अधिक अनुकूलित करने की खोज कर रहे हैं। गूगल का रीस्ट्रक्चर, दूसरे तकनीकी दिग्गजों को भी प्रेरित कर रहा है। इस नए दौर में गूगल की योजनाएं अदभुत उच्चतम तकनीकी मानकों को अपनाने के लिए दरारबंदी को पुनर्योजित करने की ओर बढ़ रही है।

## मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड; इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख जुर्माना

नई दिल्ली (ए.)। आरबीआई ने जमा पर ब्याज दरों के नियमों के उल्लंघन के मामले में इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक निरीक्षण किया था। इसमें उसे बैंक की गलती मिली। इसके बाद कारण बताओ नोटिस भेजा। इसके बाद इंडसइंड बैंक पर जुर्माना लगाने का फैसला किया गया।

**मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड**

अपने ग्राहक को जानो यानी केवाईसी से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले में आरबीआई ने मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड लगाया है। मन्नापुरम की 31 मार्च, 2023 तक जांच की गई थी। इस जांच में केंद्रीय बैंक को खामी मिली। कंपनी ग्राहकों के पैन कार्ड का सत्यापन करने में विफल रही जिसके बाद उस पर जुर्माना लगाया गया है।

**बिहार में 2,300 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे- प्रणव अदाणी**

बिहार बिजनेस कनेक्ट इन्वेस्टर समिट में अदाणी समूह के निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देखरेख में विकास का नया मॉडल तैयार हुआ है। प्रणव ने कहा कि हमने तीन क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स, गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एग्री-लॉजिस्टिक्स में, अब तक लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से करीब 25,000 लोगों को रोजगार दिया है।

अब हम इन क्षेत्रों में 2,300 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इससे न केवल हमारी भंडारण और प्रबंधन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ईवी, सीजीडी और सीबीजी क्षेत्रों में भी उपस्थिति बेहतर होगी।

## सरकार ने सोने की खपत और आयात की गड़बड़ी की आशंका जताई

### वाणिज्य मंत्रालय ने जांच कराने का आदेश दिए



नई दिल्ली (ए.)। सरकार ने देश में हो रही सोने की खपत और इसके आयात को लेकर गड़बड़ी की आशंका जताई है। नवंबर महीने में सोने के आयात के आंकड़े चौंकाने वाले रहे हैं, जिसके बाद आशंका है कि आंकड़ों में कहीं फिर तो नहीं साल 2011 जैसी गड़बड़ी पैदा की गई हो। वाणिज्य मंत्रालय ने जांच कराने का आदेश दिया है ताकि स्थिति को सच्चाई सामने आ सके। वर्ष 2011 में भी ऐसा ही मामला हुआ था, जब कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में समस्याओं के कारण गलत आंकड़े आए थे। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार भी ऐसा हो सकता है। सोने के आयात में असामान्य वृद्धि के कारण देश का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। गड़बड़ी की आशंका से जांच की जा रही है। व्यापार विशेषज्ञों ने इस मामले पर अलग-अलग राय दी है। कुछ कह रहे हैं कि डेटा संकलन में संभावित त्रुटि की संभावना है, जबकि दूसरे का कहना है कि असली आंकड़े ही गलत हो सकते हैं। सरकार की तरफ से भी मानना है कि आंकड़े गलत हो सकते हैं। नवंबर माह में सरकार को इस मुद्दे पर ठीक से जांच करने की जरूरत है ताकि देश का व्यापार स्थिर बना रहे।

## टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पीछे छोड़ा जोमैटो ने




मुंबई (ए.)। फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो ने टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पछाड़ दिया है। जोमैटो 30 कंपनियां वाली सूची में 27 नंबर पर पहुंच गई है। इन दोनों दिग्गज कंपनियों से जोमैटो का मार्केट कैप बड़ा हो गया है। जोमैटो 2.78 लाख करोड रुपए मार्केट कैप की कंपनी बन गई है।

टाटा मोटर्स का मार्केट कैप बीएसई में 2.73 लाख करोड़ का है। वही बजाज ऑटो का 2.50 लाख करोड़ का है। 30 शेयर वाली सूची में जोमेटो शामिल हो जाएगी। वहीं 30 शेयर वाली सूची से जेएसडब्ल्यू स्टील बाहर हो जाएगी। 2024 में जोमैटो के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली। निवेशकों का निवेश दोगुना से ज्यादा हो गया है। 2023 में 124 रूपये के शेयर में 135 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# भारत को नुकसान जवाबदेही भाजपा की ही होगी

देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, उसी पर अब इतना गंभीर इल्जाम सत्ताधारी भाजपा ने लगा दिया है।

भाजपा सत्ताधारी पार्टी है। उसे यह ख्याल अवश्य रखना चाहिए कि वह जो बोलती है, उससे भारत सरकार की राय से जोड़ कर देखा जाएगा। देश के अंदर सियासी चर्चा का स्तर इतना गिर चुका है कि अब कौन, क्या बोलता है, उस पर ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती। लेकिन जो बातें भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं, उन मामलों में अपेक्षा अवश्य रहती है कि सत्ताधारी दल के नेता जिम्मेदारी से बोलेंगे। वे ख्याल रखेंगे कि उनकी बातों का दूरगामी प्रभाव हो सकता है। इसीलिए भाजपा ने जिस तरह अब अमेरिका के विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' पर निशाना साधा है, उससे व्यग्रता पैदा होती है।

पार्टी के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' के कुछ तत्व कुछ खोजी पत्रकारों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मिल कर भारत को अस्थिर करने में जुटे हुए हैं। ताजा संदर्भ अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में दायर मुकदमे का है, जिससे पार्टी ने पत्रकारों के समूह ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की इस समूह के बारे में कुछ समय पहले आई रिपोर्ट को जोड़ दिया है। चूंकि कांग्रेस, खास कर राहुल गांधी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश की है, तो भाजपा ने इसका जवाब इस ताजा हमले के साथ दिया है। स्पष्टत: आरोप का पूरा आधार परिस्थितिजन्य है। एक से दूसरे तार को जोड़ते हुए भाजपा इस नतीजे पर पहुंच गई है कि भारत को अस्थिर करने की बड़ी साजिश रची गई है और उच्चतम स्तर के देशद्रोही (यह आरोप संसद में लगाया गया) राहुल गांधी उसका हिस्सा बन गए हैँ। देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, उसी पर अब इतना गंभीर इल्जाम सत्ताधारी पार्टी ने लगा दिया है। यह आरोप इतना गंभीर है कि भाजपा से यह मांग जरूर की जाएगी कि वह साजिश के बारे में ठोस सबूत देश को बताए। वरना, इससे अंतरराष्ट्रीय दायरे में भारत को जो नुकसान होगा, उसकी पूरी जवाबदेही भाजपा की ही होगी।



बेंगलुरु के जगन्नाथ भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बीजेपी एमएलसी सीटी रवि.

# वन नेशन, वन इलेक्शन से विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा देश

एस. सुनील

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश, एक चुनाव' के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने




का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी।

जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे।

विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए?

क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे? ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं।

# अब साल 2024 खत्म होने को है

**श्रुति व्यास**

हम 2024 के अंतिम दौर में हैं और पीछे मुड़ कर जायज़ा ले सकते हैं कि साल कैसा गुजऱा। शुरू से शुरू करते हैं। सन 2024 की शुरूआत रामजी के स्वागत के साथ हुई। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन काफी तड़क-भड़क के साथ हुआ। भावनाओं का ज्वार उफान पर था। हर घर भगवान के स्वागत के लिए आतुर था और हर तरफ जय श्रीराम' के उद्घोष सुनाई दे रहे थे। भगवा रंग फैशन में था और यहां तक कि दिल्ली के खान मार्केट को राम मार्केट' तक कहा जाने लगा था। राजनीतिक पंडितों को पक्का भरोसा था कि नरेन्द्र मोदी की भाजपा जबरदस्त बहुमत के साथ सत्ता में वापिस आएगी। कहा जाता है कि जो नैरेटिव निर्धारित करता है, जीत उसी की होती है। नैरेटिव पर मोदीजी का कब्ज़ा था। जाहिर है जीत उन्हीं की होनी थी। यह भी कहा गया कि विचारधारात्मक कारणों' से आने वाला चुनाव महत्वपूर्ण होगा। सर्दियाँ विदा हुई और वसंत आया। चुनाव अब काफी नज़दीक थे। शुरू में माहौल में न तो रोमांच था और ना ही शोर-शराबा। बल्कि चुनावी परिदृश्य काफी उदास सा था। फिर, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाली के एक वक्तव्य ने देश का माहौल बदलकर रख दिया। पहले दौर का मतदान समाप्त होते-होते मूड में आया यह बदलाव भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी की चाल-ढाल में दिखता होने लगा। अब की बार चार सौ पार' का नारा कहीं गुम हो गया। चुनावी भाषण काफी आक्रामक और निम्न स्तरीय हो गए। मंच से गालियाँ दी जानी लगीं। खतना, मुजरा आदि जैसे शब्द गूंजने लगे। चुनाव प्रचार के दौरान अपनी यात्राओं में मुझे मोदी के बारे में कम, और विपक्ष के बारे में ज्यादा सुनाई देने लगा। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे एक सशक्त आवाज़ बन कर उभरे और उनके फेंस की संख्या बहुत बढ़ गई। झारखंड में हेमंत सोरेन को जनता की हमदर्दी हासिल हुई। पश्चिम बंगाल में दीदी को जनता के दिल में अपनी जगह बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा और शेष भारत में छोटी-सी लाल किताब (संविधान) लोकप्रिय हो गई। मतदान के सातों दौरों में, सूरज आग बरसाता रहा और मतदाता खामोश रहे। यहां तक कि मोदी के वाराणसी में भी कोई जोश नजर नहीं आया। चार जून को भारत के मतदाताओं ने अहंकार और हेकड़ी को बुरी तरह से कुचला। उन्होंने अतीत के बारे में झूठी बातों, प्रोपेंगेंडा, मुखौटों और उन खतरों को भांप लिया जो भारत के इंडिया और इंडिया के भारत के सामने उपस्थित थे। भारत की जनता ने मोदी और उनके साथियों का कद घटा दिया। और उनके गठबंधन को भी कमज़ोर कर दिया। जनता का विवेक जागृत हुआ और उसने विपक्ष को सशक्त बनाया। सबसे बड़ी बात यह कि उसने विपक्ष में भरोसा दर्शाया। और एक क्षण के लिए ऐसा लगा कि लोकतंत्र पुन: स्थापित हो गया है। जबरदस्त गर्मी में मोदी के प्रति उन्माद कम ही महसूस किया गया। वे भी कम सक्रिय रहे और चुनावी गर्मी तथा मौसमी गर्मी से बचने लिए अधिक विदेश यात्राएं करने लगे। उन्होंने घरेलू राजनीति, घरेलू राजनीतिज्ञों के भरोसे छोड़ दी। विज्ञापनों और उद्घाटन-शिलान्यास के कार्यक्रमों में कमी आई। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों में भी उनकी भागीदारी कम ही रही। लेकिन सात महीने और एक जोरदार मानसून के बाद चार राज्यों में चुनाव हुए और मोदी व उनके लोगों का कद और ताकत दुबारा बढ़ गए। खासतौर पर महाराष्ट्र में एक आश्चर्यजनक जबरदस्त जीत के बाद ऐसा लगता है कि मोदी ने अपना खोया हुआ आत्मविश्वास दुबारा हासिल कर लिया। इस बीच विपक्षी एकता में दरारें साफ नजर आने लगीं।

उनकी एकता टूटने लगी और उस पर सवालिया निशान लग गए। इंडिया गठबंधन का भविष्य एक बार फिर कम सुनहरा लगने लगा। टूट-फूट, ताने, अनुचित टिप्पणियां होने लगीं, अहं के टकराव होने लगे, नेतृत्व को लेकर खींच-तान होने लगी और राज्यों के चुनाव अलग-अलग लडऩे का सिलसिला जारी रहा। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, लोकसभा चुनाव के बाद से एक समृद्ध विरासत के ये वारिस केवल संसद के सत्रों के दौरान अतिसक्रिय नजर आते हैं। बाकी समय वे वही दिखते हैं जिसके लिए वे मशहूर हैं - राजनीति के प्रति उदासीन। यह भारतीय राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीति के मूलभूत तत्वों- संगठन, मतदाताओं को जोडऩे और उत्साहित करने - में राहुल गांधी सक्षम और कुशल नजऱ नहीं आ रहे हैं। यह भी भारतीय राजनीति और विचारधारा के नैरेटिव की दृष्टि से दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी सक्रिय राजनीति से दूर होकर नेतृत्व किसी और को, मसलन अपनी बहन प्रियंका गांधी को, सौंपने के लिए तैयार नहीं हैं। इन सात महीनों के दौरान अडानी के बारे में सही बातें कहने के बावजूद वे लोकसभा चुनाव में हासिल बढ़त को इस्तेमाल कर अपनी स्थिति और मजबूत बनाने में विफल रहे। वे अपनी कमजोर होती और बिखरती पार्टी को पुनर्जीवित करने और उसे सुधारने में भी विफल रहे। बल्कि जिस विचारधारा को अपनाया है, उसके चलते पार्टी काफी हद तक वामपंथ की ओर खिसक गई है - वह पार्टी जो पिछली पीढिय़ों में उच्च-जातियों की एक मध्यमार्गी पार्टी मानी जाती थी। अब साल खत्म होने को है। ठिठुरन भरी सर्दी और धुंध का दौर दुबारा आ गया है। उसके साथ ही पिछले साल की अनिश्चितता की स्थिति भी दुबारा बन गई है। यह साल हमारे देश में लोकतंत्र के लिए अच्छा रहा। क्या नए साल में लोकतंत्र दुबारा लडख़ड़ाने लगेगा? क्या नरेन्द्र मोदी दुबारा वह सब हासिल कर लेंगे जो 2024 में उनसे छिन गया था? या फिर राहुल गांधी को जनता के रूख और उनकी जरूरतों का अहसास होगा और वे एक फुलटाइम राजनीतिज्ञ की तरह व्यवहार करना शुरू करेंगे? पहली स्थिति बनने की संभावना अधिक नजर आती है।




मेष राशि- आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। आज जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे। आज आप नया व्यापार शुरू करने का सोच सकते हैं।

वृष राशि- आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं, जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। पारिवारिक जीवन से समस्याएं दूर होंगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मिथुन राशि- आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। विभिन्न स्त्रोतों से आज आपकी आमदनी बढ़ेगी। आज कुछ विशेष कार्य पर खर्चे भी हो सकते हैं।

कर्क राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज अचानक किसी बड़े लाभ की प्राप्ति होगी। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। आप किसी एनजीओ के साथ जुड़कर समाज सेवा करने का मन बनाएंगे। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपके विरोधी कुछ परेशानियां खड़ी करने की नाकाम कोशिश करेंगे।

सिंह राशि- आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आज आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भाग-दौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखने से आपके सारे काम समय से पूरे होते जाएंगे। आपके वैवाहिक रिश्ते में अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

कन्या राशि- आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। आज आपका सोशल सर्कल बढ़ेगा। बिजनेस से रिलेटेड आपकी यात्रा हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें खान-पान की आदतों में सुधार करें।

तुला राशि- आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात होगी। जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपके व्यापार में लाभ होगा। आज किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। ऐसा करना आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा।

वृश्चिक राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने वालों को लाभ के योग हैं। पहले किए गए निवेश से फायदा होगा। प्राइवेट काम करने वालों को आर्थिक लाभ के संकेत हैं। आज आप अपने अन्दर पॉजिटिविटी लाने का प्रयास करें।

धनु राशि- आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं। खुद का व्यवसाय करने वालों को अपने विरोधियों से बच कर रहना चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को विदेश में पढ़ने के अवसर मिलेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों से आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने वालों के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी। आपको अच्छे धन लाभ के योग हैं। आज आपको परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि- आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप अच्छी रणनीति के साथ काम करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सहकर्मियों के साथ अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च भी बढ़ सकते है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। व्यापारी वर्ग को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है।

मीन राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। आज आप अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी।

# संसद में घमासान - शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर

## लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र जिसके बारे में पूरी दुनियाँ चर्चा करती है। दूसरी ओर भारत का संविधान जो हमारे लिए पूज्यनीय है, परंतु इसके ऊपर ही संसद में चर्चा पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल संसद के ऊपरी सदन में माननीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ ऐसा जुमला बोला कि विपक्ष ने उसे हाथों- हाथ लपक लिया, उसे मुद्दा बनाकर गृहमंत्री के पद छोड़नें की मांग तक की बात बना दी जिसके बचाव में माननीय पीएम सहित अनेक मंत्री सामने आए व गृहमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर कहां की उसके बयान को एआई की मदद से तोड़ मरोड़ कर एक अंश को प्रस्तुत किया गया है जिसपर दो दिनों से घमासान चल रहा है, परंतु गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 का दिन संसद क़े काला दिवस के रूप में माना जा सकता है,जहां शाब्दिक घमासान ने धक्का मुकी का रूप ले लिया, जिसमें दो सांसद महोदय घायल हो गए हैं व अस्पताल में भर्ती है,तथा दोनों प्रमुख पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ़ पुलिसथाने में एफआईआर दर्ज करा दी है सताधारी पार्टी ने नए आईपीसी कानून की धारा 115 117 125 131 351 3(5) तो विपक्षी बड़ी पार्टी ने 114 115 116 117 129 130 131 133 धाराओं के अंतर्गत सांसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है जो मैंने एफआईआर के लिए दी गई पांच पुष्ठों की कॉपी देखी उसमें करीब 15 संसद सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं, जो मैंने अपने 40 वर्षों के स्तंभकार लेखन के करियर में शायद पहली बार ही यह देखा हूं, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुकी बाचाबाची देखकर मतदाता,जनता हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संसद में धमासान शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों एफआईआर बनाम एफआईआर।

साथियों बात अगर हम गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 को संसद परिक्षेत्र में धक्कामुक्की करें तो, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई है।कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, गृह मंत्री ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। आज बाबासाहेब के अपमान के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। जब इंडिया गठबंधन के सांसद मकर द्वार पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष और नेता विपक्ष के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष को चोट भी आई है सत्ताधारी पार्टी की इस गुंडागर्दी के खिलाफ आज कांग्रेस के सांसदों ने संसद मार्ग स्थित पुलिस थाने में बदसलूकी करने वाले सांसदों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। लोकसभा स्पीकर को भी लिखा पत्र इसके अलावा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की, जो न सिर्फ कांग्रेस नेता की गरिमा पर हमला है, बल्कि संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत भी है। उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि इस मामले में वह उचित कार्रवाई करें। कांग्रेस सांसदों ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं।संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ के प्रोपेगेंडा को बेनकाब कर रहे थे और उनसे माफी की मांग कर रहे थे। उसी समय राहुल गांधी अपने इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ आए और तय रास्ते से न जाकर एनडीए के सांसदों के बीच आ गए। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों को उकसाया भी और दुर्भावनापूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े।राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें 109 हत्या का प्रयास और 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला है।दूसरी तरफ, मणिपुर से भाजपा की महिला राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक ने राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर राहुल गांधी बताया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अत्याचारों के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रही थीं, तभी यह घटना हुई।कोन्याक ने चिट्ठी में बताया, मैं मकर द्वार की सीढ़ियों के नीचे हाथ में तख्ती लेकर खड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने वहां घेराबंदी कर दूसरे दलों के सांसदों के प्रवेश के लिए एक रास्ता बनाया हुआ था। उसी समय राहुल गांधी अपनी पार्टी के अन्य सांसदों के साथ मेरे सामने आ गए, जबकि उनके लिए अलग रास्ता बनाया हुआ था। उन्होंने ऊंची आवाज में मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और वह मेरे इतने करीब थे कि एक महिला सदस्य होने के नाते मैं बहुत असहज महसूस कर रही थी।. कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायतसंसद भवन परिसर में हुई हाथापाई को लेकर कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने बीजेपी सांसदों पर अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके अलावा कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की।



## संक्षिप्त समाचार

### जौनपुर और मथुरा में पुलिस मुठभेड़, पकड़े गए गो तस्कर

जौनपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर और मथुरा में पुलिस और गो तस्करों के बीच शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो अलग-अलग मुठभेड़ में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जौनपुर के थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से गो तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तस्कर के पास से एक बाइक, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। सीओ विवेक कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने संदेह होने पर उनका पीछा किया। इस दौरान उनकी घेराबंदी की गई। हालांकि, तभी उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। एक व्यक्ति पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा शख्स अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल व्यक्ति को हिरासत में लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मथुरा में भी पुलिस की गो तस्करों के साथ मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के पैर में गोली लगी है। इसके अलावा प्रदीप नाम का एक सिपाही भी घायल हो गया है। घायल सिपाही को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सीओ संदीप सिंह ने कहा, मामला थाना जैंत क्षेत्र के धौरेरा के जंगल का है। पुलिस ने एक अभियान के दौरान 25 हजार के इनामी तारीक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार किया गया बदमाश साल 2021 से फरार चल रहा था। फिलहाल घायल सिपाही और बदमाश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### पार्किंग विवाद में शख्स की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के विक्रोली पश्चिम स्थित सूर्य नगर में पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद 41 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पार्क साइट पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, विक्रोली में इस्लामपुरा नूरानी मस्जिद से जाने वाली सड़क पर एक दुकान के सामने टेम्पो पार्क करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद देखते ही देखते यह विवाद झगड़े में बदल गया और मोहम्मद तारिक जैनुर आब्दीन,फुरकान इश्तियाक अहमद खान और जीशान इश्तियाक अहमद खान ने किताबउल्लादिन शेख की पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों ने लोहे की मेज,पाइप और हाथों में जंजीर लेकर किताबउल्ला को पीटना शुरू कर दिया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रुप से घायल किताबउल्ला रफीक उल्ला शेख को इलाज के लिए महात्मा फुले अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद मुंबई की पार्कसाइट पुलिस ने केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुंबई पुलिस ने बताया कि मुंबई के विक्रोली पश्चिम में पार्किंग विवाद हिंसक हो गया था, जब तीन लोगों ने 42 वर्षीय किताबुल्लाउद्दीन शेख पर लोहे की वस्तुओं से जानलेवा हमला किया।

### वसुंधरा राजे और पीएम मोदी की मुलाकात से सियासी गलियारों में हलचल

जयपुर,(ए)। पिछले दिनों बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखा हमला बोलने वाली राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने शुक्रवार को दिल्ली में पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वसुंधरा राजे ने इसे शिष्टाचार भेंट बताते हुए इस मुलाकात के फोटो अपने एक्स पर शेयर किए हैं, लेकिन राजे की पीएम मोदी से इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं।बता दें वसुंधरा राजे बीते कई दिनों से कई आयोजनों में बिना किसी का नाम लिए सियासी बयानबाजी करती रही हैं। राजे की इस मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरु हो गई हैं। राज्य में बीजेपी की सरकार होने के बावजूद उससे दूरी बनाने वाली राजे गाहे-बगाहे गहरे बयान देती रही हैं। राजे के ये बयान सियासी गलियारों में काफी चर्चा में रहते हैं। दो बार राजस्थान की सीएम रह चुकी और बीजेपी की कद्दावर नेता वसुंधरा राजे के बयानों को लेकर हालांकि पार्टी की तरफ से कभी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आती लेकिन उनके कई मायने निकाले जाते हैं। इसके कारण राजे चुप रहकर भी राजस्थान की राजनीति में छाई हैं।वसुंधरा राजे ने नंवबर में झालावाड़ में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करते हुए अपनी पार्टी के कई नेताओं पर तीर चलाए थे। उस मौके पर दिया राजे का बयान अभी भी चर्चा बना हुआ है। उसके बाद जब पार्टी में हलचल हुई तो राजे को कद्दावर नेता बताते हुए उनके बयानों से किनारा कर लिया था। उस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे ने कहा था कि बादल कुछ देर तो सूरज के आगे आकर उसे छिपा सकते हैं लेकिन ज्यादा देर तक उसका तेज रोकने का उनमें सामर्थ्य नहीं होता है। इसके साथ वसुंधरा राजे ने कहा कहा था कि आजकल लोग पीठ में छुरा घोंपने में भी माहिर हैं। इस कार्यक्रम में राजे ने अत्यंत विकट परिस्थिति का जिक्र करते हुए कहा था कि जो हालत से हार नहीं मानते हैं जीत उन्हीं की होती है। इन बयानों के करीब एक माह बाद अब राजे की पीएम मोदी से मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। पिछले विधानसभा चुनाव में प्रभावी में भूमिका नहीं मिलने से राजे के खफा होने की काफी चर्चाएं रही थी। विधानसभा चुनाव के बाद राजे के तीसरे बार सीएम बनने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया था, लेकिन ऐसा हो नहीं हुआ और पार्टी ने राजस्थान की कमान पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा को सौंप दी। उसके बाद से राजे ने कई बार पार्टी और सार्वजनिक समारोह में बिना किसी का नाम लिए कई तीर चलाए।

### जिला जेल रोपड़ में कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

रोपड़ (आरएनएस)। जिला जेल रोपड़ में एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, कैदी बीर चंद, पुत्र दीवान चंद, निवासी बनूड़ की आज सुबह करीब 11:30 बजे मौत हो गई। मृतक का शव रोपड़ के सरकारी अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। मृतक के खिलाफ 12 नवंबर 2021 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, और 4 नवंबर 2024 को मोहाली कोर्ट ने उसे 12 साल की सजा सुनाई थी। इस घटना के बाद मृतक के परिजन अपनी मौत को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने कहा है कि मौत की न्यायिक जांच की जाएगी, और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लीबिया में भारतीय कामगारों के हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं : विदेश मंत्रालय




नई दिल्ली (ए)। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि त्रिपोली स्थित भारतीय दूतावास लीबिया में भारतीय कामगारों के एक समूह की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए काम कर रहा है, जो बिना उचित दस्तावेजों के उस देश में गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से उन भारतीय कामगारों के बारे में सवाल पूछा गया था जो लीबिया में एक सीमेंट कंपनी में काम रह रहे हैं और भारत वापस नहीं आ पा रहे हैं। जायसवाल ने अपने जवाब में कहा कि कामगारों के लिहाज से निकास परमिट की व्यवस्था करने के लिए हमारा दूतावास लीबिया के अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये भारतीय कामगार दुबई के रास्ते बेंगाजी पहुंचे थे। वे वहां गए थे, लेकिन उनके पास उचित दस्तावेज़ नहीं थे। जब वे उतरे, तो उनके काम को लेकर कुछ समस्याएं थीं... हमें इन कठिनाइयों के बारे में पता चला... त्रिपोली में हमारा दूतावास सक्रिय है। हमने वहां अपने समुदाय के माध्यम से अपने कामगारों से संपर्क किया।

जायसवाल ने कहा, और, हमने उनकी मदद की है, हमने उनके भोजन, उनके दैनिक जीवन के सामान की व्यवस्था की है। त्रिपोली में हमारे सीडीए (प्रभारी) ने भी इन कामगारों से मुलाकात की है। मुझे लगता है कि यह 4 नवंबर को हुआ था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि ये लोग बिना उचित दस्तावेजों के लीबिया गए थे, इसलिए अब देश से बाहर निकलने के लिए उन्हें लीबिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार निकास परमिट की आवश्यकता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर किए गए अनुरोध के बाद कुवैत में 101 वर्षीय आईएफएस अधिकारी मंगल सेन हांडा से मुलाकात की।

### झारखंड में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में स्कूल शिक्षक गिरफ्तार



रामगढ़ (ए)। रामगढ़ जिले में एक छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में सरकारी स्कूल के 40 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 वर्षीय बच्ची के माता-पिता ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई और शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायत के अनुसार यह घटना 17 दिसंबर को भदानी नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूल में हुई। इसमें कहा गया है कि घटना तब हुई जब छात्रा भोजनावकाश के दौरान शौचालय गई थी। पतरातू के अनुमण्डल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) पवन कुमार ने पीटीआई को बताया, माता-पिता ने आरोप लगाया है कि शिक्षक ने लड़की से छेड़छाड़ की और उसके साथ बलात्कार का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि मामला तब सामने आया जब नाबालिग ने स्कूल जाने से इनकार कर दिया। जांच जारी है।

# राम मंदिर देखने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी, ताजमहल को पीछे छोड़ा

## एक लाख से ज्यादा भक्त रोज करते हैं रामलला के दर्शन



अयोध्या, (ए)। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामलला मंदिर में विराजमान हुए थे। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन बड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक हर दिन एक लाख से ज्यादा भक्त दर्शन करने आते हैं। शायद यही वजह है कि 9 महीने में देश के कई महत्वपूर्ण स्थलों जिसमें आगरा यानी ताज महल भी शामिल है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों की के मुताबिक जनवरी से सितंबर 2024 के बीच यूपी में 47.61 करोड़ पर्यटक आए हैं। इनमें 47.47 करोड़ घरेलू और 14.11 लाख विदेशी पर्यटकों हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सर्वाधिक 1.84.026 विदेशी पर्यटक ने वाराणसी का भ्रमण किया है जबकि 13,55,87,370 घरेलू पर्यटक जिसमें श्रद्धालु भी शामिल हैं अयोध्या आए। वहीं आगरा में 9 महीने के अंदर 12.51 करोड़ लोग आए जिसमें 11.59 करोड़ भारतीय और 9.5 लाख विदेशी पर्यटक थे। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि अयोध्या पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। अयोध्या में प्रतिदिन एक लाख पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन खास पर्व और त्योहार पर यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है।

### गृहमंत्री द्वारा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन



कानपुर (धनंजय त्रिवेदी)। भारत की संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान के जनक, दलितों, पिछड़ों के मसीहा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एवं गृहमंत्री जी की इस टिप्पणी से दलितों व पिछड़ों के प्रति भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता के विरोध में राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सौरभ सिंह जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह ब्रिगेड, परवेज मंसूरी जिला महासचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड कानपुर ग्रामीण सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### 24 घंटे बाद भी मातम का सन्नाटा, मरने वालों की संख्या 14 पहुंची

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर के अजमेर हाईवे पर हुए भयावह हादसे को 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन इस दर्दनाक मंजर की गूंज अब भी लोगों के दिलों में गहरी है। शुक्रवार सुबह 5:44 बजे हुए इस हादसे में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। 33 से ज्यादा लोग अब भी मौत को से संघर्ष कर रहे हैं। इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।जब एक ट्रक ने LPG गैस से भरे टैंकर को टक्कर मारी, तो किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका आग के भयानक गोले में बदल जाएगा। टैंकर से लीक हुई गैस ने आग को इतना विकराल बना दिया कि एक किलोमीटर तक हर चीज जलकर राख हो गई। हादसे में एक स्लीपर बस, हाईवे के किनारे की पाइप फैक्ट्री और 40 से ज्यादा गाड़ियां खाक हो गई।घायलों को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर जिंदगी बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हर गुजरते घंटे के साथ घायलों की हालत और गंभीर हो रही है। हादसे में अपनों को खो चुके परिवारों की आंखें अब भी आंसुओं से नम हैं।

# जयपुर अग्निकांडः एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के जले हुए शव की पहचान पैर की अंगूठियों से की, दर्दनाक मंजर



जयपुर (ए)। जब कन्हैयालाल मीना शुक्रवार को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल अपनी पत्नी को बस स्टॉप पर छोड़ने गए, तो उन्हें शायद ही पता था कि यह उनकी आखिरी विदाई होगी। अनीता मीना उन 14 लोगों में शामिल थीं, जिनकी मौत जयपुर-अजमेर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर के कई वाहनों से टकराने के बाद हुई थी, जिसके बाद भीषण आग लग गई थी, जिसमें 40 वाहन जल गए थे। अनीता, जो चैनपुरा में आरएसी (राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी) की चौथी बटालियन में तैनात थीं, शुक्रवार सुबह ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए दूदू से जयपुर जा रही थीं। अनीता, जो अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली थीं, सुबह 3 बजे बस में सवार हुईं। हालांकि, भांकरोटा इलाके में दुर्घटना के दौरान स्लीपर बस में आग लगने से यात्रा जानलेवा हो गई। पीड़ितों और घायलों को सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही कन्हैलाल मीना अनीता की तलाश में जयपुर के एसएमएस अस्पताल पहुंचे। शुरुआत में अस्पताल के कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि अनीता का नाम घायल यात्रियों की सूची में नहीं है। हालांकि, किसी अनहोनी की आशंका के चलते कन्हैलाल ने शवगृह की जांच की। अस्पताल में लाए गए अधिकांश शव इतने जले हुए थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। कन्हैलाल का सबसे बुरा डर तब सच साबित हुआ जब उसने एक शव पर अनीता के पैर की अंगूठियों को पहचाना। दंपति के दो छोटे बच्चे हैं। इस घटना में करीब 30 लोग घायल हुए हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने में दमकल विभाग को सात घंटे से ज्यादा का समय लगा। आग इतनी भयावह थी कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें करीब एक किलोमीटर दूर से देखी जा सकती थीं।

### भाजपा सीटी रवि के साथ दुर्व्यवहार का दावा कर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही : डी.के. शिवकुमार



बेंगलुरु (ए)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा भाजपा नेता और एमएलसी सी.टी. रवि के साथ दुर्व्यवहार का दावा करके पार्टी एक महिला मंत्री के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक का इस्तेमाल करने के मूल मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। 'अंतरात्मा की आवाज' को महत्वपूर्ण करार देते हुए उन्होंने राज्य में भाजपा नेतृत्व पर रवि का समर्थन करने के लिए निशाना साधा, जिन्हें राज्य की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को रवि की रिहाई के उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित एक सवाल के जवाब में शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''उनसे (भाजपा से) पूछिए कि उन्होंने (रवि) जो कहा वह सही था या नहीं। बाकी चीजों पर बाद में चर्चा करेंगे। यह उनकी पार्टी और नेता की संस्कृति को दर्शाता है... अदालत में जो हुआ, उसे उन पर (रवि) और पुलिस पर छोड़ दिया गया है। मुख्य मुद्दा उनकी और उनकी संस्कृति है।'' उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि रवि ने अतीत में कई लोगों के खिलाफ अपमानजनक का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि रवि एक राष्ट्रीय पार्टी के नेता हैं और ''क्या महिलाओं के बारे में इस तरह से बोलना उनके लिए सही है।'' रवि ने बृहस्पतिवार को विधान परिषद में हेब्बालकर के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था। रवि को बृहस्पतिवार शाम को गिरफ्तार किया गया और सुवर्ण विधान सौध के परिसर से पुलिस वैन में ले जाया गया। हेब्बालकर की शिकायत के आधार पर, भाजपा नेता रवि के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और धारा 79 (किसी महिला की गरिमा का अपमान करने के इरादे से शब्द, इशारा या कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### अजनाला में नगर निगम चुनाव की वोटिंग से पहले फायरिंग, कांग्रेस नेता के बेटे की गाड़ी को बनाया निशाना



अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में नगर निगम चुनाव की वोटिंग से पहले अजनाला में गोलियां चलीं। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार सुबह एक गाड़ी पर फायरिंग की। गाड़ी में बैठा युवक बाल-बाल बच गया। युवक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दविंदर सिंह का बेटा है। एसएचओ अजनाला सतपाल सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक गाड़ी पर फायरिंग की गई थी, जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। इस घटना में शामिल आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वहीं, कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष दविंदर सिंह ने कहा कि वह अपने कार्यालय में बैठे थे, तभी उन्हें फोन आया कि आपके बेटे की कार पर किसी ने गोली चलाई है। तीन से चार बाइक सवार अज्ञात युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने आगे कहा, इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया है। मेरा शक है कि कुछ दिन पहले ही मेरे बेटे का झगड़ा हुआ था और इसी कारण फायरिंग की घटना को अंजाम दिया जा सकता हो। मैं पुलिस से अपील करूंगा कि वह इस मामले में जांच करें और दोषियों को पकड़कर कड़ी कार्रवाई करें। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस फायरिंग की सही वजह का भी पता लगा रही है।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

### चुनाव नियमों में सरकार ने किया बदलाव, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध




नई दिल्ली (ए)। केंद्र ने सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में संशोधन किया है। इस कदम की कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की है। जयराम रमेश ने कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया की तेजी से ख़त्म हो रही अखंडता के दावे की पुष्टि है। चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक जांच के लिए खुले दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया। चुनाव संचालन नियमों के पहले नियम 93(2)(ए) में कहा गया था कि चुनाव से संबंधित अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे। नियम का संशोधित संस्करण कहता है चुनाव से संबंधित इन नियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे। कानून मंत्रालय और चुनाव अधिकारियों ने कहा कि एक अदालती मामले ने सरकार को नियमों में संशोधन करने के लिए प्रेरित किया। ऐसे मामले सामने आए हैं जहां नियमों का हवाला देकर ऐसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मांगे गए हैं। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि संशोधन यह सुनिश्चित करता है कि केवल नियमों में उल्लिखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं, और कोई भी अन्य दस्तावेज जिसमें नियमों का कोई संदर्भ नहीं है, उसे सार्वजनिक निरीक्षण की अनुमति नहीं है। चुनाव संचालन नियमों में उल्लिखित नामांकन फॉर्म, चुनाव एजेंटों की नियुक्तियां, परिणाम और चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेज़ सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे। हालाँकि, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ इसके दायरे से बाहर होंगे। चुनाव अधिकारियों ने आशंका व्यक्त की कि मतदान केंद्र के अंदर सीसीटीवी कैमरों की अनुमति देने से इसका दुरुपयोग हो सकता है और मतदाता गोपनीयता से समझौता हो सकता है। ऐसी सभी सामग्री फुटेज सहित उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है।

# अमीषा पटेल का करारा पलटवार, अनिल शर्मा पर भड़कीं, कहा- 100 करोड़ मिले तो भी नहीं करुंगी रोल

‘गदर 2’ की रिलीज के बाद से अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच विवाद ने जन्म ले लिया। दोनों के बीच यह तब शुरू हुआ जब अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में कहा कि अभिनेत्री सास की भूमिका निभाने से बच रही थी। हालांकि, बाद में वह इसके लिए तैयार हो गईं। अब यह बसह तूल पकड़ती जा रही है। निर्देशक के बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने अब अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने ‘गदर 2’ के निर्देशक अनिल शर्मा की टिप्पणियों का जवाब दिया, जहां उन्होंने सुझाव दिया था कि उन्हें अपने चरित्र के विकास के हिस्से के रूप में सास की भूमिका निभानी चाहिए। मोटी रकम मिलने के बाद भी अभिनेत्री ने कह दिया था कि उन्हें इस तरह की भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है।

**अनिल शर्मा ने क्या कहा?**

हाल ही में निर्देशक अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में, बताया कि अमीषा पटेल ने शुरू में ‘गदर 2’ में सास की भूमिका निभाने में झिझक दिखाई थी। निर्देशक ने अभिनेत्री नरगिस दत्त की ‘मदर इंडिया’ में एक मां की भूमिका निभाने का उदाहरण देते हुए यह कहा कि अभिनेत्रियों को उम्र बढ़ने के साथ अधिक परिपक्व भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**अमीषा पटेल ने दी प्रतिक्रिया**

निर्देशक अनिल शर्मा के इस बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्विटर पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया। अपनी पोस्ट में निर्देशक के प्रति अपना सम्मान जताते हुए उन्होंने कहा कि वह 100 करोड़ जैसी बड़ी रकम के लिए भी कभी सास की भूमिका नहीं निभाएंगी। अभिनेत्री ने लिखा, "प्रिय अनिलजी। यह केवल एक फिल्म है और किसी परिवार की वास्तविकता नहीं है। इसलिए स्क्रीन पर मुझे यह कहने का अधिकार है कि मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है। मैं आपका बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन ‘गदर’ या किसी भी फिल्म में सास का किरदार कभी नहीं निभाऊंगी, भले ही इसके लिए 100 करोड़ रुपये क्यों न दिए जाएं।"



**‘कहो ना प्यार है’ से किया था डेब्यू**

अमीषा पटेल ने साल 2000 में फिल्म ’कहो न प्यार है’ से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने ’हमराज’, ’गदर एक प्रेम कथा’, ’मंगल पांडे’, ’ये है जलवा’ जैसी कई फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर एक अलग पहचान बनाई और लोगों की पसंदीदा बन गए।

## सलमान के भाई सोहेल खान की साउथ सिनेमा में एंट्री, नंदमुरी कल्याण राम फिल्म एनकेआर21 से करेंगे धमाल

सलमान खान के छोटे भाई-एक्टर सोहेल खान अपने 54वां जन्मदिन के इस खास अवसर पर एक्टर के फैंस को बड़ा तोफहा दिया. लंबे समय के बाद सोहेल खान बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं. इतना ही नहीं, वे अपने नए प्रोजेक्ट से तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं. नंदमुरी कल्याण राम स्टारर एनकेआर 21 की शूटिंग शुरू हो गई है. इसकी शूटिंग हैदराबाद से शुरू हुई है. कल्याण राम भी शूटिंग में भाग ले रहे हैं. इस बीच, फिल्म के खलनायक सोहेल खान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया है.एनकेआर 21 से सोहेल का फर्स्ट लुक जारी करते हुए मेकर्स ने उनका तेलुगू सिनेमा में स्वागत किया. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, एनकेआर 21 के खलनायक सोहेल खान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. तेलुगू सिनेमा में आपका स्वागत है, सर. हमें आपका साथ पाकर बहुत खुशी हुई.

## पंजाबी एक्ट्रेस का नया म्यूज़िक वीडियो ‘जाना है ते जा’ रिलीज़



पंजाबी अभिनेत्री निकीत ढिल्लों का नया म्यूज़िक वीडियो ‘जाना है ते जा’ रिलीज़ हो गया है। निकीत, जो जट्ट ब्रदर्स, सिकंदर 2 और यार अनमुल्ले रिटर्न्स जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, इस गाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस गाने में उनके साथ मशहूर पंजाबी गायक हैप्पी रायकोटी नज़र आ रहे हैं।

निकीत ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए एक सरप्राइज की तरह आया। उन्होंने कहा, मैं चंडीगढ़ में छुट्टियां मना रही थी, जब मेरे प्रोड्यूसर दोस्त ने मुझे बताया कि हैप्पी रायकोटी के साथ एक गाने के लिए वह मुझे कास्ट करना चाहते हैं। मैंने सोचा कि लंबे समय से म्यूज़िक एल्बम नहीं किया है, तो यह एक शानदार मौका होगा। अगले ही दिन हमने शूटिंग शुरू कर दी।हालांकि, गाने की शूटिंग के दौरान एक मजेदार घटना हुई, जिसने निकीत को पूरी तरह से चौंका दिया। उन्होंने बताया, मुझे जो गाना भेजा गया था, वह एक रोमांटिक गाना लग रहा था। मैंने इसे दस बार सुना और उसी के मुताबिक तैयारी की। लेकिन शूटिंग के दौरान मुझे वेस्टर्न आउटफिट पहनाया गया, जो मुझे थोड़ा अजीब लगा। गाने के दृश्य भी रोमांटिक के बजाय कुछ और कहानी बयान कर रहे थे। निकीत ने निर्देशक से सवाल किया कि अगर यह रोमांटिक गाना है, तो इसमें झगड़े और अलग होने के दृश्य क्यों हैं। तब उन्हें पता चला कि यह वास्तव में एक सैड सॉन्ग है, जिसका नाम ‘जाना है ते जा’ है।

निकीत ने हंसते हुए कहा, मुझे एहसास हुआ कि प्रोडक्शन हाउस ने गलती से मुझे दूसरा गाना भेज दिया था। फिर भी, उन्होंने शूटिंग पूरी की और अंतिम शॉट तक सही गाने को सुना ही नहीं। निकीत ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा और वह इस गाने का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं। निकीत ढिल्लों 2023 में मिस इंडिया हिमाचल प्रदेश का ताज पहन चुकी हैं। 2025 में वह एक बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा करने वाली हैं, जिसे लेकर वह काफी रोमांचित हैं।




## कराटे गर्ल्सः दो लड़कियों की आत्म-खोज की कहानी

हाल ही में कराटे गर्ल्स नामक एक नई सीरीज़ अमेजन एमएक्स प्लेयर अमेजन के मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने रिलीज़ की है। कराटे गर्ल्स में अश्लेषा ठाकुर, सेलेस्टी बैरागी, मानव गोहिल और मेयांग चांग जैसे बेहतरीन कलाकारों की अहम भूमिका है।

अपनी आकर्षक कहानी, दिल छूने वाले पलों और अप्रत्याशित कथानक के साथ यह सीरीज़ दर्शकों को अपने डिवाइस से जुड़ा रखती है - जो उन्हें हंसाने से लेकर रुलाने तक का काम करती है। सीरीज़ में आभा कदम की भूमिका निभाने वाली सेलेस्टी बैरागी ने शो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा, आपने कराटे या मार्शल आर्ट पर आधारित कई शो और फिल्मों को देखा होगा, लेकिन इस शो को खास बनाने वाली बात यह है कि कराटे को कहानी में इतनी गहराई से पिरोया गया है। यह सिर्फ़ आत्मरक्षा या मार्शल आर्ट के बारे में नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक किरदार के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा, यह शो मुझे इसलिए आकर्षित किया क्योंकि इसका नाम कराटे गर्ल्स था। मैं हमेशा से मुक्केबाजी सीखना चाहती थी, लेकिन मेरे पिता ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। अब मुझे आभा के जरिए कराटे सीखने का मौका मिला, और मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं।

इस सीरीज़ के माध्यम से न केवल कराटे की तकनीकी जानकारी मिलती है, बल्कि यह लड़की-लड़की की दोस्ती और व्यक्तिगत संघर्षों को भी बहुत प्रभावशाली ढंग से दर्शाता है। बता दें कि इस फिल्म की कहानी दो विपरीत लड़कियों, आभा और कोमल की यात्रा पर आधारित है, जो एक साझा उद्देश्य के लिए अपने मतभेदों को अलग रखते हुए एक साथ आ जाती हैं। कराटे की सख्त दुनिया में घुसते हुए, वे वयस्कता की ओर अपना पहला कदम बढ़ाती हैं। इस सीरीज़ के दौरान आत्म-खोज, व्यक्तिगत विकास, दोस्ती और दृढ़ संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों की गहरी छानबीन की जाती है।

## कैटरीना कैफ की खूबसूरती का खास ख्याल रखती हैं सास वीना कौशल, ऐसे करती हैं बहूरानी की मदद



कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। एक अलग परिवेश से होने के बावजूद कैटरीना कैफ अपने ससुराल में अच्छी तरह रम गईं। विक्की की मां यानी अपनी सास के साथ उनकी काफी अच्छी बॉन्डिंग है। हाल ही में सास-बहू साईं बाबा के दरबार में साथ दर्शन करने पहुंचीं। अब कैटरीना ने सासू मां के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात की।

**कैटरीना के लिए तैयार करती हैं स्पेशल हेयर ऑयल**

कैटरीना कैफ ने हाल ही में अपने हेल्दी बालों का राज भी बताया। उन्होंने इसका क्रेडिट अपनी सास को दिया और बताया कि उन्होंने ही अभिनेत्री के लिए खास तेल बनाया है। विक्की कौशल की मां ने काफी अलग-अलग किस्म की चीजों से उनके लिए खास हेयर ऑयल तैयार किया है। कैटरीना ने ’द वीक’ के साथ इंटरव्यू में यह खुलासा किया।

**सास के पैशन पर कैट ने की बात**

कैटरीना कैफ ने स्किन केयर के प्रति अपनी सास के पैशन पर बात की। अभिनेत्री ने आगे कहा, ’मेरी सासू मां मेरे लिए हेयर ऑयल भी बनाती हैं। यह ऑयल प्यार, आंवला, एवोकैडो और दो-तीन सामग्रियों को मिलाकर बनता है। यह तेल काफी असरदार भी होता है, क्योंकि घर का बना शुद्ध तेल होता है’।

## अनन्या पाडे की नई फिल्म चांद मेरा दिल का ऐलान, लक्ष्य लालवानी के साथ बनी जोड़ी



पिछली बार अभिनेत्री अनन्या पांडे को फिल्म सीटीआरएल में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम चांद मेरा दिल है। इस फिल्म में अनन्या की जोड़ी किल के अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ बनी है।यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

चांद मेरा दिल के निर्देशन की कमान विवेक सोनी ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। धर्मा प्रोडक्शंस ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है।चांद मेरा दिल से अनन्या और लक्ष्य की पहली झलक भी सामने आ चुकी है, जिसमें दोनों का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है।

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की चांद मेरा दिल फिल्म के 4 पोस्टर सामने आए है. जिसमें से एक पोस्टर में, अनन्या और लक्ष्य एक स्वेटर के पीछे अपना मुंह छुपाए हुए दिख रहे हैं. इसके बाद दूसरे पोस्टर में दोनों अपना क्वालिटी टाइम बिताते दिखाई दिए हैं. जिसमें लक्ष्य अनन्या के कंधे पर अपना सिर रखे मुस्कुराते नजर आए हैं. जबकि तीसरे और चौथे पोस्टर में इस नए कपल की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं. वहीं, फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं.

## गोविंदा के बेटे यशवर्धन अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार, साई राजेश से मिलाया हाथ



*भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता गोविंदा को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। अपने डांस, स्टाइल और कॉमेडी से उन्होंने लाखों दिलों पर राज किया है। गोविंदा ने हिंदी सिनेमा को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं।अब खबर आ रही है कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक साई राजेश से हाथ मिलाया है, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं।*

*रिपोर्ट के मुताबिक, साई दर्शकों के बीच एक दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी रोमांस और कॉमेडी से भरपूर होगी।फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने यशवर्धन से संपर्क किया है और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है।फिल्म की शूटिंग अगले साल यानी 2025 में शुरू हो जाएगी और यह 2026 तक सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।इस खबर का आधिकारिक ऐलान जल्द ही किया जा सकता है। यशवर्धन ने साजिद नाडियावाला के अधीन रहकर बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया है।उन्होंने ढिशूम, किक 2 और तड़प जैसी फिल्मों को असिस्ट किया है। असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में उनका अनुभव एक्टिंग में काम आ सकता है।गोविंदा की एक बेटी टीना आहूजा भी हैं। उन्होंने 2015 में स्मीप कांग की फिल्म सेकेंड हैंड हसबैंड के साथ अभिनय की शुरुआत की थी। फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल, गीता बसरा और धर्मेंद्र भी थे।*

## तेजस्वी प्रकाश के लिए भोजन प्रेम की भाषा

लोकप्रिय कुकिंग-आधारित शो ‘मास्टर शेफ इंडिया’ में टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश भाग लेने को तैयार हैं। उत्सुक अभिनेत्री ने भोजन को एक प्रेम भाषा बताया।शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए तेजस्वी ने कहा, रियलिटी टीवी शो ने मुझे निडर होना सिखाया है, लेकिन नेशनल टेलीविजन पर खाना बनाने को लेकर थोड़ी घबराहट है। मेरा वास्तव में मानना है कि भोजन एक प्रेम की भाषा है, इसलिए मैंने दर्शकों को प्रभावित करने के लिए अपना दिल (पाक कौशल) दांव पर लगाने का फैसला किया और मुझे उम्मीद है कि यह सफलता की वजह बनेगा।लोकप्रिय टीवी शो ‘मास्टरशेफ इंडिया’ का नया सीजन ‘सेलिब्रिटी मास्टर शेफ-अब उन सबकी सीटी बजेगी’ सेलिब्रिटी प्रतियोगियों के साथ दर्शकों के सामने आने को तैयार है। इस शो में हस्तियां अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करते और रसोई में अपनी योग्यता दिखाते नजर आएंगे।दिलचस्प बात यह है कि पहली बार ‘मास्टर शेफ इंडिया’ में लोकप्रिय टेलीविजन और इंटरनेट की हस्तियां प्रतियोगियों के रूप में शामिल होंगी।

# सर्दियों में आइसक्रीम खाना सही है या नहीं? जानिए डाइटिशियन की राय

सर्दियों में आईसक्रीम खाना ट्रेंड बनता जा रहा है. अक्सर लोग बाहर घूमने जाते हैं तो आइसक्रीम खाना तो बनता है. सर्दियो में लोगों को आइसक्रिम खाने में मजा भी आ रहा है. कुछ लोग इस समय पहाड़ों की बर्फबारी का मजा लेना पसंद करते हैं, तो कुछ समुद्र किनारे छुट्टियां बिताते हैं. क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में आइसक्रीम खाना कितना सही है? जहां एक तरफ आइसक्रीम का मजा हर उम्र के लोगों को आता है, वहीं दूसरी तरफ सर्दियों में इसका ज्यादा सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है. इस पर विशेषज्ञों की राय जानना बेहद जरूरी है.

### क्या सर्दियों में आइसक्रीम खाना सेफ है?

डाइटिशियन के मुताबिक, किसी भी मौसम में आइसक्रीम का ज्यादा सेवन हेल्द के लिए सही नहीं है.आइसक्रीम में शुगर और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, जो वजन बढ़ाने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकती है. खासकर सर्दियों में इसे खाने से बचना चाहिए.

सर्दियों में ठंड के कारण शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है. इस दौरान आइसक्रीम खाने से सर्दी-जुकाम, खांसी और अन्य इंफेक्शन्स का खतरा बढ़ जाता है.

### अगर आइसक्रीम खाने का मन करे तो क्या करें?

डाइटिशियन का कहना है कि अगर आपको आइसक्रीम खाने का बहुत मन कर रहा हो, तो इसे दिन के समय (दोपहर या शाम) में कम मात्रा में खा सकते हैं। लेकिन रात में आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, क्योंकि ठंड के कारण सर्दी-जुकाम का खतरा और बढ़ सकता है।



### किन लोगों को आइसक्रीम से पूरी तरह बचना चाहिए?

आइसक्रीम इन समस्याओं को बढ़ा सकती है और गले में जलन या दर्द हो सकता है.

ऐसे लोग जल्दी सर्दी-जुकाम की चपेट में आ सकते हैं.

आइसक्रीम में मौजूद शुगर उनके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है, जिससे स्थिति बिगड़ सकती है.

# शादी-पार्टी के लिए स्किन टोन के हिसाब से ऐसे करें परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव

शादी का सीजन चल रहा है. वहीं क्रिसमस और न्यू ईयर भी आने वाला है. ऐसे में जगह-जगह पार्टी होस्ट की जाएंगी. अक्सर किसी भी शादी-पार्टी में जाने के लिए जब भी लड़कियां तैयार होती हैं तो उनके मन में एक सवाल जरूर होता है कि वो कैसी लिपस्टिक लगाएं. लिपस्टिक किसी के लुक को निखारने का काम करती है. लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा रहता है. महिलाएं हमेशा अपने लिपस्टिक के शेड का चुनाव बड़े ही सोच-समझ कर करती है. विंटर सीजन में अगर आप ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक के शेड का चुनाव करें. आइए जानते हैं परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव करने के लिए कुछ हैक्स.

### डार्क स्किन टोन

जिन महिलाओं की स्किन डार्क टोन है उन्हें डार्क वाइन, कॉपर ब्राउन, पर्पल कलर के शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक में आपका लुक बेहद ही बोल्ड और रिच नजर आएगा.

### डस्की स्किन टोन

जिन महिलाओं की स्किन डस्की है उन्हें रिच और ब्राइट कलर्स लिपस्टिक का चुनाव करना चाहिए. इसी के साथ इस टोन की महिलाएं मैरून, डीप प्लम, चॉकलेट ब्राउन शेड्स का भी चुनाव कर सकती हैं. इस तरह की लिपस्टिक डार्क कलर के आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी.

### मीडियम स्किन टोन

अगर आपकी स्किन टन मीडियम है तो आप मोव, वॉर्म ब्राउन या पिंच कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं. इस तरह के लिपस्टिक का शेड न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे अप्लाई करने के बाद आप



लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा. वहीं इस तरह की लिपस्टिक आप लाइट कलर के आउटफिट के साथ मैच करके अप्लाई कर सकती हैं.

### फेयर स्किन टोन

जिन महिलाओं का स्किन फेयर है उन्हें लाइट और पेस्टल टोन शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए बेट्स हो सकती हैं. फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं पिंक न्यूड कोरल, लाइट पिंक, क्लासिक रेड कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं और इस तरह की लिपस्टिक आप अपने आउटफिट के हिसाब से मैच करके अप्लाई कर सकती हैं. वहीं ग्लैमरस लुक के लिए आप वाइन कलर की लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं.

# खेल समाचार

## अतीत में पोंटिंग के साथ मेरी अच्छी दोस्ती रही है : श्रेयस अय्यर

नई दिल्ली,(आरएनएस) । भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा कि वह आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स की टीम में एक बार फिर रिकी पोंटिंग के साथ विचार-विमर्श करने के लिए उत्सुक हैं, और याद किया कि कैसे उन्होंने टूर्नामेंट में पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान के साथ अच्छी दोस्ती की थी।



पोंटिंग और अय्यर तीन सत्रों तक दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और कप्तान थे, जहां टीम 2020 में एक बार उपविजेता रही थी। लेकिन इस साल की शुरुआत में पोंटिंग को पंजाब का मुख्य कोच नामित किया गया और पिछले महीने जेद्दा में नीलामी में फ्रैंचाइज़ी ने अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में हासिल किया, जिससे उनका फिर से साथ आना लगभग तय हो गया।

मैं समझ सकता हूँ कि प्रशंसकों के बीच क्या भावनाएं होंगी। रिकी के आने से, हमने अतीत से एक बेहतरीन दोस्ती साझा की है। हम कई पहलुओं पर अपनी सोच को आगे बढ़ाएंगे और विचार-विमर्श करेंगे। उम्मीद है कि हम पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।शनिवार को फ्रेंचाइजी के बयान में अय्यर ने कहा, पंजाब किंग्स का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं पंजाब किंग्स परिवार में शामिल होने का इंतज़ार नहीं कर सकता। चार ट्रॉफी जीतना मेरे लिए एक शानदार साल रहा है। मेरा मुख्य लक्ष्य पंजाब के लिए आईपीएल ट्रॉफी जीतना है। अय्यर आईपीएल 2024 खिताब जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने और हाल ही में बेंगलुरु में मुंबई को अपना दूसरा सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी खिताब दिलाने के बाद पंजाब सेट-अप में शामिल हुए हैं।

## 19 साल के कोंस्टास के पास रिकार्ड बनाने का अवसर



मेलबर्न (ए)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच में 19 साल के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास अगर पदार्पण करते हैं तो वह एक रिकार्ड अपने नाम करेंगे। कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। इससे पहले साल 1952 में इयान क्रेग ने 17 साल 239 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। ऑस्ट्रेलिया ने कोंस्टास को बचे हुए दो टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में औंर मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में कोहली की भूमिका अंतर पैदा करने वाली हो सकती है : बांगर

नई दिल्ली, (ए)। भारत के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर का मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाला बॉक्सिंग डे टेस्ट विराट कोहली के लिए इस अवसर पर खुद को साबित करने और खुद को भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की धुरी के रूप में फिर से स्थापित करने का एक बेहतरीन मौका है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1-1 से बराबर होने के साथ, यह मैच भारत की श्रृंखला जीतने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को मजबूत करने की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है।

कोहली का मौजूदा श्रृंखला में प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। पर्थ में उनके शतक ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, लेकिन अन्य मैचों में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

## रोहित की बेटी समायरा ने स्कूल के वार्षिक समारोह में किया डांस, वीडियो सामने आया



मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। वहीं उनकी बेटी ने स्कूल में सालाना वार्षिक समारोह में शानदार डांस कर सबका ध्यान खींचा है। समायरा धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है। स्कूल के इस वार्षिक समारोह में समायरा अपनी मम्मी रितिका सजदेह के साथ पहुंची थी। समायरा की स्कूल के कार्यक्रम की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह डांस कर रही हैं। वहीं रितिका दर्शकों के बीच बैठकर इसे देखती नजर आईं। वह इस दौरान तालियां बजाकर बेटी का उत्साह बढ़ाती भी नजर आयीं।

समायरा इस माह के अंत में 6 साल की हो जाएगी। दूसरी ओर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेला जाना है। इस टेस्ट को बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है। हालांकि यह सीरीज इस वक्त काफी रोमांचक मोड़ पर खड़ी है। 3 टेस्ट मैच के बाद सीरीज 1-1 की बराबरी पर चल रही है।

## केएल राहुल के साथ कौन करेगा ओपनिंग? खतरनाक होने वाली है दिल्ली कैपिटल्स की जोड़ी

नईदिल्ली, (आरएनएस) । आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदकर अपने साथ जोड़ लिया. हालांकि, अब तक फ्रेंचाइजी ने इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की है की केएल ही टीम के कप्तान बनेंगे. मगर, ये बात तो तय है की केएल अपकमिंग सीजन में दिल्ली के लिए कप्तानी करते नजर आएंगे. लेकिन, सवाल ये है की केएल के साथ ओपनिंग करने कौन आएगा? आइए आपको केएल के ओपनिंग पार्टनर के बारे में बताते हैं।

भारतीय स्टार क्रिकेटर केएल राहुल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की जर्सी में नजर आने वाले हैं. जहां, जाहिर तौर पर एक बार फिर वह पारी की शुरुआत करने मैदान पर उतरेंगे. केएल एक शानदार ओपनर हैं, जो कंसिस्टेंसी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं।

लेकिन, लोगों के मन में सवाल है की केएल के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा? यदि आप भी इसका जवाब तलाश रहे हैं, तो आपको बता दें दिल्ली ने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल करते हुए जेक फ्रेसर मैकगर्क को अपने साथ वापस जोड़ा. इस खिलाड़ी का केएल के साथ ओपन करना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने पिछले सीजन भी तूफानी शुरुआत दिलाई थीं।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने पिछले सीजन ही दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहते हुए अपना आईपीएल डेब्यू किया. फ्रेंचाइजी ने कुल 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.67 के औसत और 234.04 की खतरनाक स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 4 अर्धशतक भी लगाए हैं. वह अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं, पिछले सीजन उन्होंने 32 चौके और 28 छक्के जड़े थे।

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मोहित शर्मा, फाफ डुप्लेसी, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, वी. निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार।

## पीएफ धोखाधड़ी के आरोपों के बाद पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। उनके खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी हुआ है। उथप्पा पर पीएफ फंड घोटाले का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, क्योंकि क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त सदाक्षरी गोपाल रेड्डी ने इसके निर्देश दिए हैं।

वारंट पीएफ क्षेत्रीय आयुक्त शदाक्षरी गोपाल रेड्डी ने जारी किया, जिन्होंने पुलकेशिनगर पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया. सेंचुरीज़ लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड नामक एक प्राइवेट कंपनी का मैनेज करने वाले उथप्पा पर कर्मचारियों के वेतन से पीएफ अंशदान काटने और उनके खातों में पैसे ना डालने का आरोप है।

रॉबिन उथप्पा पर 23 लाख रुपये के घोटाले का आरोप है. मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने अपने कर्मचारियों की सैलरी से पीएफ के नाम से पैसे काटे, लेकिन उनके अकाउंट में ट्रांसफर ही नहीं किए. 4 दिसंबर को लिखे पत्र में, आयुक्त रेड्डी ने पुलिस को गिरफ्तारी वारंट को जारी करने का निर्देश दिया।

हालांकि, वारंट को पीएफ कार्यालय में वापस कर दिया गया क्योंकि माना जाता है कि उथप्पा ने अपना घर बदल लिया है. अधिकारी अब क्रिकेटर का पता लगाने और कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आगे की जांच कर रहे हैं।

भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा काफी टैलेंटेड प्लेयर रहे. उन्होंने भारतीय टीम के लिए 46 वनडे और 13 टी-20आई मैच खेले, जिसमें क्रमशः 934 और 249 रन बनाए. मौजूदा समय में उथप्पा कॉमेंट्री करते नजर आते हैं।

## अश्विन के संन्यास पर जडेजा ने कहा, आखिरी क्षण में पता चला

मेलबर्न, (आरएनएस)। भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने खुलासा किया कि कैसे रविचंद्रन अश्विन के अचानक संन्यास ने प्रशंसकों और टीम के साथियों को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें सार्वजनिक घोषणा से कुछ क्षण पहले ही इसके बारे में पता चला।

जडेजा ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में संवाददाताओं से कहा, मुझे आखिरी क्षण में संन्यास के बारे में पता चला। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पांच मिनट पहले। यह चौंकाने वाला था।

उन्होंने कहा, हमने पूरा दिन साथ बिताया, और उसने मुझे संकेत भी नहीं दिया। हम सभी जानते हैं कि अश्विन का दिमाग कैसे काम करता है (हंसते हुए)।

अश्विन और जडेजा एक दशक से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण की आधारशिला रहे हैं। एक साथ 58 टेस्ट खेलते हुए, उन्होंने एक शानदार स्पिन जोड़ी बनाई, जिसके बीच 587 विकेट लिए। उनकी साझेदारी ने अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की दिग्गज जोड़ी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 501 विकेट लिए थे।

अश्विन का संन्यास चौंकाने वाला है, लेकिन भारतीय क्रिकेट में बदलाव का संकेत भी है। जडेजा ने अपने गेंदबाजी साथी के जाने से पैदा हुए खालीपन को स्वीकार किया, लेकिन युवा खिलाड़ियों के लिए खुलने वाले अवसरों के बारे में आशावादी विचार भी व्यक्त किया।

उन्होंने कहा, हम इतने सालों से गेंदबाजी साथी रहे हैं। हम एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। हम बल्लेबाजों के खिलाफ योजना बनाते थे। मुझे बहुत सी



चीजें याद आएंगी। हालांकि, उन्होंने जल्दी ही भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर लिया। उम्मीद है कि कोई बेहतर स्पिनर और ऑलराउंडर अश्विन की जगह लेगा। भारत में हमेशा अच्छी प्रतिभा होती है और कोई भी अपूरणीय नहीं है। यह किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए मौका भुनाने और अपनी छाप छोड़ने का सुनहरा अवसर है।जडेजा की टिप्पणी गाबा में 77 रनों की पारी के बाद भी आई, एक ऐसी पारी जिसने भारत को श्रृंखला में वापसी करने में मदद की, जो वर्तमान में 1-1 से बराबर है। अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, उन्होंने कहा कि इस पारी ने उन्हें बहुत आत्मविश्वास दिया है।

उन्होंने कहा, जब टीम मुश्किल स्थिति में हो, तो बाहर स्कोर करना आपको आत्मविश्वास देता है। मानसिकता वही रहेगी। आपको मैच की स्थिति के अनुसार खेलना होगा और मैं टीम की भूमिका के अनुसार खेलूंगा।

जडेजा की पारी ने न केवल मैच बचाया बल्कि क्रिकेट जगत को एक ऑलराउंडर के रूप में उनकी अपार उपयोगिता की याद भी दिलाई। दिलचस्प बात यह है कि जडेजा पर्थ और एडिलेड में सीरीज के पहले दो टेस्ट में नहीं खेले। हालांकि कुछ लोग इसे एक चूके हुए अवसर के रूप में देख सकते हैं, जडेजा का मानना है कि यह उनके लिए फायदेमंद रहा।

उन्होंने कहा, मैंने पहले दो मैच नहीं खेले, इससे मुझे अधिक अभ्यास करने में मदद मिली और मैं परिस्थितियों के अनुकूल हो गया। नेट्स में की गई कड़ी मेहनत ने मुझे मैच में मदद की। सीरीज 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका है। जडेजा इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह दांव पर है और इससे मिलने वाला अवसर भी।

जडेजा ने कहा, हम अच्छी स्थिति में हैं, तीन मैचों के बाद भी यह 1-1 की बराबरी पर है। यह दिलचस्प होने वाला है। अगर हम अगले दो में से एक मैच भी जीत जाते हैं, तो भी हम सीरीज बरकरार रखेंगे, क्योंकि हमने पिछले दो मैच यहीं जीते हैं। यह खुद को आगे बढ़ाने और मेलबर्न में अच्छा प्रदर्शन करने का अच्छा मौका है।

# विदेश समाचार

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा आंतकी हमला, 16 सैनिकों की मौत हुई और 8 घायल

इस्लामाबाद (आरएनएस) पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के अपर जिले में एक बड़ा आंतकी हमला हुआ है। इसमें पाकिस्तान के 16 सैनिकों की मौत हुई और 8 घायल हो गए।



रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने कहा, लिटा सर क्षेत्र में एक सुरक्षा चौकी पर देर रात हमला हुआ।इसके पहले 5 अक्टूबर को कई आतंकी हमलों में 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। खुर्रम जिले में हमले में सात सैनिक मारे गए थे, वहीं दो लोग घायल हुए थे। विश्व स्तर पर नामित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने कथित तौर पर हिंसा की जिम्मेदारी ली थी। बताया जा रहा शनिवार को हुए हमले में भी टीटीपी आतंकियों का हाथ है। टीटीपी का हमला पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का कारण है।आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा में टीटीपी के नेतृत्व वाले तीव्र हमलों और बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी जातीय बलूच विद्रोहियों के कारण इसी साल सैकड़ों सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी आतंकियों को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से समर्थन मिला है। हालांकि तालिबान कहता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए नहीं होने दे रहा है।

## एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस से मानव संक्रमण का खतरा फिलहाल कम : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा (आरएनएस) । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल ही में बताया है कि इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) वायरस का खतरा फिलहाल दुनिया भर में कम है।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) के सहयोग से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक मूल्यांकन के बाद बताया है कि मानव संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित पशुओं या दूषित वातावरण के संपर्क में आने से होता है।इसके मामलों में वृद्धि के बावजूद, कुल संख्या कम बनी हुई है, जिसका दुनिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। हालांकि, जानवरों से जानवरों में संक्रमण जारी है, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहां प्रभावी निवारक उपायों का अभाव है। इससे संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने वाले खेत मजदूरों और अन्य लोगों को विभिन्न प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ता है।इसी साल



17 दिसंबर को जिनेवा में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एफएओ और डब्ल्यूओएएच के विशेषज्ञों ने वैश्विक एच5एन1 स्थिति का विस्तार से वर्णन किया तथा वायरस के संभावित विकास के बारे में चेतावनी दी।विश्व स्वास्थ्य संगठन की उभरती बीमारियों की विशेषज्ञ मारिया वान केरखोव ने बताया कि 2024 तक एच5एन1 संक्रमण के 76 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन मामलों में से 61 मामले सिर्फ अमेरिका के हैं, जो मुख्य रूप से कृषि से जुड़े कार्य करने वाले लोगों में पाए गए हैं।हालांकि एच5एन1 मुख्य रूप से पोल्ट्री वायरस है, जिसके मानव-से-मानव फैलाव का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन वैन केरखोव ने आगाह किया कि यह वायरस तेजी से अपने आप को ढाल सकता है। मानव संक्रमण के अलावा, अमेरिका ने वन्यजीवों और पोल्ट्री में व्यापक एच5एन1 प्रकोप की सूचना दी है, साथ ही 15 राज्यों में डेयरी मवेशियों में हाल ही में संक्रमण की जानकारी दी है। एफएओ में वरिष्ठ पशु स्वास्थ्य अधिकारी मधुर ढींगरा ने वैश्विक पोल्ट्री उद्योगों पर महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पर जोर दिया, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य और पोषण सुरक्षा को खतरा है। पोल्ट्री के अलावा, वायरस ने 500 से अधिक पक्षी प्रजातियों और 70 स्तनधारी प्रजातियों को संक्रमित किया है।

## अमेरिका गैंगस्टर जैसा देश, जापान और दक्षिण कोरिया भी कम नहीं : प्योंगयांग

सोल, (आरएनएस) । उत्तर कोरिया ने शनिवार को दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच हाल ही में हुई त्रिपक्षीय बैठक की आलोचना की। उसने इस वार्ता को शांति का अपमान बताया। उत्तर कोरिया के मुख्य समाचार पत्र ने 11 दिसंबर को टोक्यो में आयोजित त्रिपक्षीय हिंद-प्रशांत वार्ता की आलोचना करते हुए वाशिंगटन पर शांति को नष्ट करने वाला गैंगस्टर जैसा देश बताया। योनहाप समाचार एजेंसी ने रोडोंग सिनमुन के हवाले से बताया, संयुक्त राज्य अमेरिका का इतिहास दुनिया भर में युद्ध का इतिहास रहा है। इसकी विदेश नीति दूसरे देशों पर आक्रमण करने, शांति और सुरक्षा को नष्ट करने की है। अखबार ने जापान को शांति चाहने वाले देश के रूप में खारिज कर दिया। इसने दक्षिण कोरिया को आक्रमण और युद्ध की अमेरिकी नीतियों का अगुआ भी करार दिया। इसने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका बुराई का साम्राज्य है और शांति को नष्ट करने वाला एक गैंगस्टर जैसा देश है। कठपुतली जापान और दक्षिण कोरिया भी कम दोषी नहीं हैं। सोल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की वार्ता के दौरान, तीनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में सामूहिक रूप से योगदान करने के तरीकों की खोज करने की जरुरत को स्वीकारा। जनवरी में अपने उद्घाटन सत्र के बाद यह अपनी तरह की दूसरी बैठक थी। यह वार्ता ऐसे समय में हुई जब दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों के बीच त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की मांग कर रहे थे। बता दें प्योंयांग दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के गठबंधन को अपने लिए खतरे के तौर पर देखता है।

## रूस के कजान में 9/11 जैसा हमला : यूक्रेन के 8 ड्रोन हमले से दहशत, एयरपोर्ट पर उड़ानें रद्द



रुस, (आरएनएस) । रूस के कजान शहर में शनिवार रात यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमले से दहशत फैल गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन दागे, जिनमें से 6 रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया गया। इन हमलों ने शहर में 9/11 जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें एहतियातन रोक दी गई हैं, और शहर में आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई है।

ड्रोन हमलों से प्रभावित रिहायशी इलाकों में आगजनी और भारी नुकसान की खबरें सामने आई हैं। स्थानीय प्रशासन ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया है। दमकल और बचाव दल ने आग पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला। हालांकि, अब तक की जानकारी के मुताबिक, इन हमलों में कितने लोगों की जान गई है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोक दी गई हैं, और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बयान जारी कर कहा है कि सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के बाद ही उड़ानों को पुन: शुरू किया जाएगा।

यूक्रेन ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला रूस के सैन्य ठिकानों को कमजोर करने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। ड्रोन हमले में इस्तेमाल की गई तकनीक को लेकर जांच चल रही है।

रूसी प्रशासन ने इन हमलों को खतरनाक और उकसाने वाला कदम करार दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भविष्य में इस तरह के हमलों से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। कजान में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आसपास के इलाकों में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

यह हमला रूस-यूक्रेन संघर्ष को और गहरा कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस हमले की निंदा की है और तनाव कम करने की अपील की है। विश्लेषकों का कहना है कि यह घटना यूरोप और बाकी दुनिया के लिए नई चुनौतियां पेश कर सकती है।

कजान में हुए इन ड्रोन हमलों ने रूस-यूक्रेन युद्ध के तनाव को और बढ़ा दिया है। रिहायशी इलाकों पर हमलों ने नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले दिनों में इस घटना का असर रूस-यूक्रेन संबंधों और वैश्विक राजनीति पर देखने को मिल सकता है।

## *सूडान के एल फशर में जारी संघर्ष में 800 नागरिकों की मौत : संयुक्त राष्ट्र*

*जिनेवा, (आरएनएस)। पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में जारी घेराबंदी के कारण मई 2024 से अब तक कम से कम 782 लोग मारे गए और 1,143 से अधिक घायल हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने दी।*

*रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जून में लड़ाई काफी बढ़ गई थी और संघर्षरत पक्षों के बीच आवासीय क्षेत्रों में भीषण लड़ाई हुई। लोग गोलीबारी में फंस गए क्योंकि घरों का इस्तेमाल लड़ाई के लिए किया जाने लगा। साथ ही बाजारों पर हमला किया गया और लूटपाट की गई।*

*समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कई नागरिकों ने अपने घरों, बाजारों, अस्पतालों के पास और सड़कों पर अपनी जान गंवा दी।*

*रिपोर्ट में कहा गया कि हजारों लोग शहर में फंसे हुए हैं, उन्हें सुरक्षित बाहर निकलने की कोई गारंटी नहीं है। साथ ही संघर्ष में शामिल सभी पक्षों द्वारा अंधाधुंध हमलों से और लोगों की मौत का खतरा बना हुआ है।*

*संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने भी शुक्रवार को जारी एक बयान में एल फशर की घेराबंदी को तत्काल समाप्त करने की अपील की।तुर्क ने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से नागरिकों, नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करने, अंतरराष्ट्रीय कानूनी दायित्वों का पालन करने और संघर्ष बढ़ने से रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की। जनरल अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के नेतृत्व में सूडानी सेना और उनके पूर्व डिप्टी मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व में आरएसएफ 18 महीने से अधिक समय से संघर्ष में उलझे हुए हैं। इस युद्ध से एक गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है, जिसमें 1 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों को घरों से विस्थापित कर दिया गया है और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को राहत पहुंचाने में संघर्ष करना पड़ा है।*

## कनाडा के प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल , आठ नए मंत्री शामिल

ओटावा ,(आरएनएस) । कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार, मंत्रिमंडल में आठ नए मंत्रियों को शामिल किया गया और चार मंत्रियों की भूमिका बदल दी गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इन बदलावों के बाद मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री के अलावा कुल 38 मंत्री बने रहेंगे और इसमें महिलाओं और पुरुषों की संख्या बराबर है।यह फेरबदल पूर्व उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफा के कुछ दिनों बाद हुआ। जुलाई से अब तक कुल 9 मंत्रियों ने अपने इस्तीफे या अगले संघीय चुनाव से हटने की घोषणा की है। ट्रूडो ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि नया मंत्रिमंडल उन चीजोंको पूरा करेगा जो कनाडाई लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिसमें जीवन को और अधिक किफायती बनाना और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम आवास, बाल देखभाल और स्कूल भोजन पर आगे बढ़ना जारी रखेगी। इसके साथ-साथ लोगों की जेब में अधिक पैसा डालने के लिए काम करेगी।न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कनाडाई लोगों के लिए एक पत्र पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि उनकी पार्टी 27 जनवरी से शुरू होने वाले हाउस ऑफ कॉमन्स की अगली बैठक में ट्रूडो सरकार को गिराने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। प्रधानमंत्री से उम्मीद है कि वह छुट्टियों के दौरान लिबरल नेता के रूप में अपने भविष्य पर विचार करेंगे। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे, जिनकी पार्टी जल्द ही चुनाव होने पर बड़े बहुमत से जीतने की राह पर है, उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वह गवर्नर जनरल से संसद को तत्काल फिर से बुलाने के लिए कहेंगे ताकि सांसद सरकार को तुरंत गिरा सकें।

# बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक राय

## विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों के लिए नवीन स्कूल भवन हुए स्वीकृत

सीहोर,(निप्र)। विधानसभा क्षेत्र के पांच गावों में नवीन स्कूल भवन स्वीकृत होने पर विधायक सुदेश राय ने कहा की बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत विधायक सुदेश राय अपने विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के सर्व विकास और सुरक्षा के लिए भी प्रयासरत है। बच्चों के सर्व विकास के लिए सपर्पित विधायक सुदेश राय के प्रयास से ही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिजलोन,सिराड़ी,पाटन, डोडी और जमोनिया टैंक में संचालित सरकारी स्कूलों के लिए नवीन स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा प्रदान की गई है। उक्त गांवों में संचालित शासकीय माध्यमिक स्कूलों के भवन जीर्णशीर्ण हो चुके थे स्थानीय जनप्रतिनिधियों ग्रामवासियों के साथ स्कूल के शिक्षक शिक्षिओं ने भी बच्चों के शिक्षण कार्य में आ रही समस्याओं से विधायक सुदेश राय को अवगत कराया गया था। विधायक सुदेश राय ने क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से जीर्णशीर्ण शाला भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने के लिए अनुरोध किया था। नवीन स्कूल भवनों का निर्माण पी.आई.यू. पी.डब्लू.डी के माध्यम से होगा। बिजलोन स्कूल भवन के लिए 43 लाख 26 हजार रूपये सिराड़ी स्कूल भवन के लिए 43 लाख 26 हजार एवं पाटन स्कूल भवन निर्माण के लिए 51 लाख डोडी स्कुल भवन के लिए 51 लाख और जमानिया स्कूल प्राथमिक स्कूल भवन निर्माण के लिए भी 51 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। सभी स्कूल भवनों का निर्माण एमएस मॉडल पर किया जाएगा। जिस में हवा के लिए समुचित खिड़की दरबाजे वेंटीलेटर दिव्यांग बच्चों के लिए रेंप और सीडिया सहित अन्य सभी जरूरी सुविधाऐं होंगी। नवीन स्कुल भवन स्वीकृत कराए जाने पर क्षेत्र के सरपंचों और ग्रामवासियों ने विधायक सुदेश राय का आभार व्यक्त किया है।

## सत संघ से सियार बना भगवान मुनिश्री निर्णय सागर महाराज




सीहोर,(निप्र)। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी मे राष्ट्रीय संत शिरोमणी आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महाराज साहब से दिक्षित वर्तमान आचार्य गुरुवर समय सागर महाराज साहब के परम शिष्य पाठशाला प्रेरक 108 मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ससंघ शीतकालीन वाचना पृवास पर है मुनि श्री के सानिध्य मे प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया । इसके बाद धर्म सभा मे मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज के प्रवचन हुए। मुनि श्री निर्णय सागर महाराज साहब ने प्रवचन मे कहां कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार त्याग!, तपस्या, सत्संग करना चाहिए दृष्टान्त के माध्यम से मुनि श्री बताया कि जंगल मे एक मुनि महाराज प्रवचन दे रहे थे उनके पावन उद्देश्य को सुनकर के अनेक लोगो ने मुनि महाराज,आर्यिका दीक्षा ली ।वही एक जंगली पशु सियार भी मुनिराज के उपदेश सुन रहा था । उसने मुनि श्री के प्रवचनआत्मसात कर उसने भी सुर्य की अनुपस्थिती मे अर्थात रात्रि भोजन नही करुगा उसके त्याग के फल से वह मरकर एक बड़े सेठ परिवार मे जन्म लिया फिर उसको ऐसी बुध्दि की प्राप्ति हुई की सम्पूर्ण संपत्ति का त्याग करके साधु बन गया और जंगल , नगर गांव मे घूमता हुआ कठिन तपस्या करने लगा और उसे केवल ज्ञान की प्राप्ती हो गई फिर शरीर त्याग करके भगवान की तरह मोक्ष प्राप्त हुआ।

### कच्चे घरों में रहने वाले नागरिक न हो मायूस दिलाएंगे पीएम आवास योजना का लाभ : राय

सीहोर,(निप्र)। शनिवार को विधायक सुदेश राय ने कोली पूरा स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में क्षेत्र के चार वार्डो के नागरिकों के लिए आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत लगाए गए कैंप का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना, पार्षद प्रतिनिधि राहुल राय सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे हितग्राहियों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा प्रदेश में जनहित की अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। प्रचार प्रसार के बावजूद किन्हीं कारणों से अनेक नागरिक योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं जिसके लिए इस तरह के नागरिक हितेषी कैंप लगाए जा रहे हैं।

## कथा के समापन पर महा प्रसादी का किया वितरण

सीहोर,(निप्र)। शहर के सीवन नदी के घाट पर गंगेश्वर महादेव, शनि मंदिर परिसर में जारी संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर महा प्रसादी का वितरण किया गया था। इस मौके पर ऊंकार प्रसाद जायसवाल परिवार के तत्वाधान में समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं का प्रसादी का वितरण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए वितरण कार्य देख रहे संजय जायसवाल ने बताया कि महंत उद्धवदास महाराज के सानिध्य में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। महंत उद्धवदास महाराज ने कहा कि तुलसीदास की रामचरितमानस में नाम महिमा को विशेष रुप से दर्शाया गया है। भगवान राम कहते हैं कि इस शक्ति से अनभिज्ञ हूं। रामचरितमानस नाम मात्र सुनने से ही संपूर्ण रामचरितमानस सुनने का फल मिल जाता है। व्यक्ति को जीवन में संदेह नहीं करना चाहिए क्योंकि संदेह व्यक्ति के जीवन का पतन करता है और विश्वास व्यक्ति के जीवन में प्रगति करता है। श्री राम कथा श्रद्धा और विश्वास की कथा है। इसके सुनने से व्यक्ति का कल्याण होता है जिसके लिए प्रबुद्ध समाज को समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में तुलसीदास महाराज ने भगवान श्री राम की मर्यादाओं का व्याख्यान किया है कि समाज में इस प्रकार की मर्यादाओं को अपनाने से अनेक प्रकार की बुराइयों का खात्मा होता है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण




सीहोर,(निप्र)। जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में अंतर्गत सीहोर के एक्सीलेंस स्कूल एवं एमएलबी स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए एक अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नशा मुक्ति के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी वितरित किए।

## एमपीपीएल में सीहोर कासा की लगातार सातवीं विजय



सीहोर(निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत अब तक 33 मैच हो चुके है। इसमें सबसे अधिक मैच सीहोर कासा ने जीते है। शनिवार को खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर कासा ने जबलपुर टीम को 3-0 से हराया। इस मौके पर मैच कमिश्नर नवाज शेख, मैच रेफरी ज्योति गौर, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नौजिया, मनोज दीक्षित मामा, सहायक रेफरी विजेन्द्र परमार, सहायक रेफरी मनोज अहिरवार, टेबल रेफरी शुभांजलि झा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का मैच कासा क्लब सीहोर और जबलपुर के मध्य खेला गया था। इस मैच कासा सीहोर की ओर से मैच के शुरूआत में ही स्ट्राइकर जंग मिनलुन हाओकिप ने दो गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, इसके पश्चात मैच के अंतिम समय में लेनबोइलुन ने एक गोल कर अपनी टीम को 3-0 से विजय दिलाई। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर चिल्ड्रिन और सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रिन की टीम ने सीहोर गर्ल्स को 1-0 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रिन की ओर से एक मात्र गोल यश ने किया।

## हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जनकल्याण शिविर आयोजित



सीहोर,(निप्र)। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं सुशासन सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

आमजन को शासन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कोलीपुरा स्थित नरसिंह मंदिर के पास एवं अन्य स्थानों पर जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। इन जनकल्याण शिविरों में विधायक सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि सरकार प्रत्येक पात्र हितग्राही को हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर रही है। ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार का यह उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को उन योजनाओं का लाभ मिले जिसका वह हकदार है।

### रोप स्किपिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों द्वारा अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन

सीहोर,(निप्र)। रोप स्किपिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024 गर्ल्स कॉलेज के सभागृह में संपन्न हुई । यह प्रतियोगिता 14, 17 एवम 19 वर्ष के बालक बालिकाओं के आयु वर्ग में संपन्न हुई। चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आज समापन दिवस था। समापन दिवस पर अतिथियों के रूप में माननीय विधायक सुदेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित लोक शिक्षण संचालनालय ऑब्जर्वर शैलेष शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक संचालक सलोनी शर्मा, विकासखण्ड अधिकारी दीपा कीर,आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा, खेल शिक्षक अताउल्लाह खान, अंकुर शर्मा, आशीष शर्मा, संजय सक्सेना मौजूद थे। माननीय विधायक सुदेश राय ने कहा कि खिलाड़ियों ने रोप स्किपिंग में अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। रोप स्किपिंग से आप फिट रह सकते हैं।

### ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने जाने अपने अधिकार

सीहोर,(निप्र)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बिलकिसगंज में ग्राहक जागरण पखवाड़ा के तहत ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट आदि से बचाव, उपभोक्ता के अधिकार, उपभोक्ता फोरम के संबंध में जानकारी दी । साथ ही सभी विद्यार्थियों को सभी अपराधों तथा शिकायत करने के लिए मोबाइल नंबरों से अवगत कराया । साथ ही एमआरपी पर हो रहे भ्रष्टाचार के संबंध में जानकारी दी । एमआरपी बहुत बड़ा धोखा है जिससे सतर्क करने के संबंध में जागरूकता की जरूरत है । जिसमें जिले के अध्यक्ष शिवप्रसाद दलोद्रिया अधिवक्ता द्वारा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया एवम मुख्यवक्ता व प्रांत कोषाध्यक्ष दीपक बाबू श्रीवास्तव द्वारा सभी उपस्थित जनों को ग्राहक संबंधी अधिकारों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया, कार्यक्रम का संचालन विधि आयाम जिला प्रमुख मानसिंह सेन द्वारा किया गया कार्यक्रम में रोहित सिंह कौरव प्रान्त सह कोषाध्यक्ष, महिला आयाम प्रमुख श्रीमती उमा पालीवाल,स्कूल के प्राचार्य राजकुमार धनगर सह मीडिया प्रमुख राहुल परमार विशेष रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम मे सभी का आभार राजनारायण भारद्वाज पूर्णकालिक द्वारा व्यक्त किया गया

## भारतीय सफाई मजदूर संघ की एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न

### सफाई कर्मचारियों को शीघ्र नियमित करे सरकार-हिरा रानवे

सीहोर (निप्र)। भारतीय सफाई मजदूर संघ संबद्ध भारतीय संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष हिरा रानवे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिलेभर के अध्यक्षों सहित सीहोर जिले के अध्यक्ष रितेश चन्देल भी उपस्थित रहे। बैठक में रितेश चन्देल ने सीहोर के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को लिखित रूप से अवगत कराया। जिसमें बताया गया कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये, सभी सफाई कर्मचारियों का नियमितिकरण करते हुए एक सामान वेतन दिया जाये, सीहोर नगर का अत्यधिक बड़ता हुआ क्षेत्रफल को दृष्टिगत् रखते हुए लगभग 200 सफाई कर्मियों की मस्टर पर भर्ती की जावे। जिन सफाई कर्मचारियों की कोविड-19 में स्वच्छता अभियान के तहत् मृत्यु हो गई है, उनके परिवार में से किसी एक व्यक्ति को नियमित रूप से नौकरी दी जावे। विगत् दिनांक 25 जुलाई 2024 को मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में नियमितिकरण को लेकर बैठक हुई, जिसमें उन्होने शासन-प्रशासन को 120 दिवस के अन्तराल नियमितिकरण की सूचि जारी करने का आग्रह किया था, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही होने के कारण समस्त वाल्मीकि समाज व अन्य संगठनों में काफी निराशा है।

## नाबालिग बालिका का अपहरण कर 10 महीने से फरार आरोपी को रेहटी पुलिस ने किया गिरफ्तार



रेहटी(निप्र)। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दिये गये निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग, एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 10 महीने से नाबालिग अपहृता को लेकर फरार होने वाले आरोपी राहुल उर्फ भूरा पिता संतोष कोरकू 19 साल नि बोबदा थाना रेटगांव जिला हरदा को ग्राम रानियाखेड़ी थाना कोतवाली हरदा क्षेत्र से रेहटी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से नाबालिग अपहृत को दस्तयाब किया जाकर उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। सराहनीय भूमिका उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे, उनि नंदराम अहिरवार, उप निरी भावना यादव, आर. अमीन शाह म.आर. निकिता, आर. विकास नागर सेनिक चंदर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## मन को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान आवश्यक है

सीहोर,(निप्र)। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद द्वारा ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आयोजित ध्यान कार्यक्रमों में 5000 से ज्यादा विद्यार्थी एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रमों में ध्यान एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई कि जिस प्रकार हम शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करते हैं, उसी तरह मन को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान करना आवश्यक है। इसके साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान से होने बाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह सेंगर सहित जन अभियान परिषद के अन्य सदस्य, विद्यार्थी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## बीएसआइ ग्राउंड पर आयोजित सीहोर उत्सव मेला का विधायक,नपाध्यक्ष आज करेंगे शुभारंभ



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआइ मैदान पर आयोजित सीहोर उत्सव मेला का रविवार शाम विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। चालीस दिवसीय उत्सव मेले में बुलेट ट्रेन और समुद्री फीश टनल नया आयटम होगा। रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। नगर पालिका परिषद सीहोर और मयूर खेल एवं सांस्कृतिक समिति के द्वारा संयुक्त रूप से सीहोर उत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है। शहर के बच्चों युवाओं नागरिकों माता बहनों के मनोरंजन के लिए सीहोर उत्सव मेला लगाया जा रहा है। मेले में बच्चों और नागरिकों की विशेष मांग पर समुद्री फीश टनल लगाई गई है। टनल के अंदर जाने पर समृद्र के अंदर घूमकर फिस सहित समृद्री जीवजन्तू देखने का आंनद बच्चों को मिलेगा। मेले में बुलेट ट्रेन भी दौड़ती हुई नजर आएगी। मेले में छोटे बड़े झूले नाव, साइकिल, खाने पीने के स्टाल भी रहेंगे। मेला देखने आने वालों के लिए सुरक्षा और पार्किंग की बेहतरीन व्यवस्था होगी।

मेले में स्थानीय दुकानदार भी अपने व्यापारिक स्टाल लगा रहे है। यहीं नहीं शहर की प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका भी मेले में मिलेगा और बाहर के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। मेला आगामी 26 जनवरी तक लगा रहेगा। आयोजन समिति के डॉ राखी वाला सिंगारे, इमरान खान,नौशाद खान, तनवीर कुरैशी,ज्योति नरवरे, उजैर अलि बहादुर,रितिक सिंह, बिलाल कुरैशी,शमा तनवीर कुरैशी ने नागरिकों मेला देखने आने की अपील की है।

## एनएसयूआई ने की कार्यकारिणी की घोषणा मालवीय अध्यक्ष और राजपूत बने उपाध्यक्ष

सीहोर (निप्र)। एनएसयूआई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के द्वारा जिले में लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी श्रेणी में एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी कन्हैया कुमार, प्रदेशाध्यक्ष वरूण चौधरी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की सहमति से प्रदेश महासचिव मनीष मेवाड़ा के द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषित की गई है। जिस में सीहोर नगर एनएसयूआई अध्यक्ष उदित मालवीय, दोराहा ब्लॉक अध्यक्ष दिग्विजय मेवाड़ा, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश राजपूत, विद्यालय प्रमुख वंश ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष पियूष राजपूत,नगर उपाध्यक्ष उदय सूर्यवंशी, सेंट मेरी स्कूल अध्यक्ष यश मेवाड़ा, जिला महासचिव तरुण त्यागी को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त एनएसयूआई पदाधिकारियों की नियुक्ति पर छात्र नेता यश यादव, तनीश त्यागी, विकास विश्वकर्मा, अक्षत सेंगर, प्रमोद वर्मा, शुभम त्यागी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा की नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन को जिले में और भी मजबूती प्रदान करेंगे।

## मेडिटेशन ट्रेनर नेहा लखेरा द्वारा कॉलेज में कराया गया ध्यान अभ्यास

भैरूंदा/नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। शासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा के द्वारा शनिवार 21 दिसंबर को प्रथम विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष में आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव के विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मेडिटेशन ट्रेनर बी.के. नेहा लखेरा द्वारा विद्यार्थियों, एनएसएस के स्वयंसेवकों और शिक्षकों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन विचारशून्यता नहीं बल्कि पॉजिटिव विचारों को एक डायरेक्शन देना है जिससे हमारे जीवन में मानसिक शांति, आनंद, खुशी की अनुभूति होती है साथ ही नफरत,डर, ईर्ष्या जैसी नेगेटिव भावनाएं खत्म होती होती है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक शारीरिक बीमारियां भी मन की गलत सोच, तनाव, अवसाद, अनिद्रा, चिंता आदि से उत्पन्न होती है लेकिन ध्यान से हमारा मन शक्तिशाली होता है और यदि मन शक्तिशाली है तो जीवन में आने वाली समस्याएं और परिस्थिति हम पर हावी नहीं हो पाते इसलिए सभी को प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट ध्यान का अभ्यास जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्यान तो हमारे भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा रहा है, तो हमारे लिए ये बहुत ही हर्ष और गर्व का विषय है कि 21 दिसंबर को पहला विश्व ध्यान दिवस विश्वभर में मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डां.बी.एस. हरियाले,डां. एस.एस.मीणा, डां.वी.एन.कुबड़े, डां. दीपमाला ब्रम्हे, डां.उर्मिला सतोगिया, नीता वर्मा, डां. अर्पणा निगम, उषा राजपूत इत्यादि उपस्थित थे।





स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com